CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 08°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 13 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 252 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिल देव अग्रवाल पेज 2



महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया खेल टाइम्स



सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम सम्पादकीय



पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा! पेज 12

# 2027 में होगी डिजिटल जनगणना

## केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला एक नागरिक की जनगणना पर खर्च होंगे 97 रुपये

**केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस**

**केंद्र सरकार मनरेगा योजना का नाम बदलेगी, इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100 प्रतिशत तक होगी**

**कोयले का निर्यात करने की मंजूरी, कोल सेतु नामक एक नई विंडो बनाई गई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपये खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए, तो एक व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपये खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपये/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए, तो प्रति व्यक्ति 78 रुपये खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितम्बर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की लिमिट 100 फीसदी करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 फीसदी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को -शेष पृष्ठ दो पर



## 2026 सीजन के लिए नारियल के MSP में इजाफा

**नई दिल्ली।** केंद्र की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकारों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में इजाफा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री वैष्णव ने बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2026 सीजन के लिए नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड के एमएसपी में 400 रुपये की और नारियल गोला के एमएसपी में 445 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद

**■ मिलिंग ग्रेड में 400, तो गोला के दाम 445 रुपये प्रति कुंतल बढ़े**

नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड का नया एमएसपी 12027 प्रति कुंतल और नारियल गोला का नया एमएसपी 12500 प्रति कुंतल हो गया है। बढ़ा हुआ एमएसपी न केवल नारियल किसानों को बेहतर लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करेगा बल्कि किसानों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

# इंडिगो पर एक्शन, चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

डीजीसीए के 11 दिसम्बर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिए गए हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जाएंगे। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है।



### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, उसे सीजीएसटी से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार 11 दिसम्बर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है।

### इंडिगो संकट की जांच करेगी अमेरिकी कंपनी

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उससे पहले बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है। इंडिगो ने बताया कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को तकनीकी जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

### यूपी में विशेष पर्व पर 1 घंटे ज्यादा खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनजर प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसम्बर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसम्बर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी।

### दिव्यांग के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसम्बर 2025 से सभी दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा की शुरुआत की है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। आयोग ने इन उम्मीदवारों की अक्सर लॉजिस्टिक चुनौतियों और खास जरूरतों को देखते हुए फैसला लिया है कि हर दिव्यांग अभ्यर्थी को वही परीक्षा केंद्र दिया जाए, जिसे उन्होंने आवेदन प्रपत्र में अपनी पसंद के तौर पर बताया है।

# करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## सुपरवाइजरी कमेटी में तमिलनाडु का कोई व्यक्ति शामिल नहीं होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इन्कार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

**कहा: इस फैसले को नहीं बदलेगी अदालत**

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो। सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी।

## भूकंप के खतरों पर दिशा निर्देश नहीं दे सकते

### बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा: क्या सबको चांद पर भेज दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की।



याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75 फीसदी आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा, तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें? वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता।

### गोवा अग्निकांड: क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसम्बर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है

# संसद में सत्ता पक्ष की हमने धज्जियां उड़ा दीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भाजपा तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृह मंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे।

### राहुल ने पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाकर सदन में कांग्रेस की रणनीति को लेकर चर्चा की। श्री गांधी ने पार्टी के लोकसभा सांसदों की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की।

### जुबीन गर्ग केस: 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल

**गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और उससे जुड़े सबूत चार ट्रंक में भरकर कोर्ट लाए गए। नौ सदस्यीय एसआईटी छह गाड़ियों के काफिले में कोर्ट पहुंची। इस मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जुबीन गर्ग की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में मौत हुई थी।

# 18.79 लाख भारतीयों ने त्यागी नागरिकता

## 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता, 13 वर्षों में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/काशीपुर।** पिछले 13 वर्षों में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई है और अब यह आंकड़ा 18.79 लाख तक पहुंच चुका है। वर्ष 2011 से 2023 के बीच कुल 18,79,699 भारतीयों ने स्वेच्छा से अपनी नागरिकता त्यागकर 135 देशों की नागरिकता अपनाई है।

यह खुलासा उत्तराखंड के काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को विदेश मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना से हुआ है। नदीम उद्दीन ने विदेश मंत्रालय से यह जानकारी मांगी थी कि वर्ष 2011 से अब तक कितने भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इसके उत्तर में विदेश मंत्रालय के जन सूचना अधिकारी/अवर सचिव तरुण कुमार ने राज्यसभा में सांसद कपिल सिब्बल और डा. जोहान बिट्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का इंटरनेट लिंक उपलब्ध कराया। लिंक से दस्तावेज डाउनलोड करने पर 13 वर्षों का विस्तृत डेटा सामने आया। 2022 और 2023 में सबसे अधिक नागरिकता छोड़ने के मामले सामने आए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2023 नागरिकता त्यागने के मामले में सबसे अधिक रहे। 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जो 13 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। 2023 में 2,16,219 लोगों ने भारतीय नागरिकता त्यागी, जो 2022 के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं कोविड काल वाले साल 2020 में सबसे कम 85,256 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी।



### वर्षवार नागरिकता छोड़ने का पूरा ब्योरा

(2011-2023) 2011-1,22,819 2012- 1,20,923 2013- 1,31,405 2014- 1,29,328 2015- 1,31,489 2016- 1,41,603 2017- 1,33,049 2018- 1,34,561 2019- 1,44,017 2020- 85,256 2021- 1,63,370 2022- 2,25,620 2023- 2,16,219

### 135 देशों की नागरिकता अपनाई

भारतीयों ने दुनिया के 135 देशों की नागरिकता ग्रहण की है। इसमें पड़ोसी देशों से लेकर विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध देशों तक शामिल हैं। बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्की, इराक, ईरान, यमन, मलेशिया, मालदीव, केन्या, जम्बिया, कज़ाकस्तान, साउथ अफ्रीका व सूडान आदि की नागरिकता ली है।

### नागरिकता छोड़ने का बढ़ता रुझान चिंता या अवसर?

विशेषज्ञों के अनुसार, बड़ी संख्या में भारतीयों का विदेशी नागरिकता अपनाना बेहतर अवसरों, शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक संभावनाओं की खोज से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि लगातार बढ़ती यह संख्या देश में 'ब्रेन ड्रेन' और प्रतिभा पलायन को लेकर चिंताएं भी बढ़ाती है।

# अवैध कफ सिरप मामले में ईडी के तीन राज्यों में 25 ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध कफ सिरप के निर्माता से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे शुक्रवार सुबह 7:30 बजे शुरू हुए और मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल, उसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह, तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित परिसरों पर कार्रवाई की गई।

ईडी उन आरोपी कफ सिरप निर्माताओं के ठिकानों पर भी कार्रवाई कर रही है जिन पर धोखाधड़ी करके कफ सिरप की आपूर्ति की और इसके अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया। ये छापे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर तथा पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची तथा गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में मारे गए।

**■ मुख्य आरोपी शुभम व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई**

सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें इन विभिन्न स्थानों पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद में दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। ये मामले कोडीन-आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण, परिवहन, व्यापार और सीमा पार तस्करी से संबंधित हैं। इस काले व्यापार से करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की आय होने का अंदाजा लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार बढकर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** सोने का भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो सप्ताह इसमें गिरावट देखी गई थी। गत 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आलोच्य सप्ताह में 15.1 करोड़ डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गई। इनमें अमेरिकी डॉलर के साथ ब्रितानी पाउंड, यूरो और जापानी येन भी शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर के मुकाबले इनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है।

### मोदी, खड़गे-राहुल व प्रियंका ने पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खड़गे ने कहा कि वे मेरे सम्मानित वरिष्ठ सहयोगी थे, जिनके साथ मेरे घनिष्ठ संबंध रहे और कई यादगार पल हैं।

# यूपी भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। परिस्थितियां बयां कर रही हैं कि 16 दिसम्बर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया दोपहर एक बजे से दो बजे तक भाजपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित होगी। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल 14 दिसम्बर को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उसी दिन प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। भाजपा के भीतर लंबे समय से चल रही अध्यक्ष चयन प्रक्रिया अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है, और

**16 दिसम्बर से पहले चुन लिया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष**

पार्टी नेतृत्व 2027 विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए नए अध्यक्ष के नाम को अंतिम रूप देने जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रांतीय परिषद के सदस्य तय किए जाते हैं। 403 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सदस्य चुना जाता है। हालांकि यह वहीं से चुने जाते हैं जहां के जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके होते हैं। भाजपा ने 98 जिलों में प्रदेश को बांटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केवल 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों का चयन जरूरी था, जबकि वर्तमान में 86 प्रतिशत जिलाध्यक्षों का चयन हो चुका है। इसी प्रकार 1918 मंडलों में से 1600 से अधिक में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं।

## यूपी सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तथा अन्य भविष्यगत तकनीकों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। शुक्रवार को योजना भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में उत्तर प्रदेश की भूमिका केंद्रीय है, इसलिए मानव पूंजी को मजबूत बनाने तथा उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। जेएन सिंह ने आईटीआई पॉलिटेक्निक को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव बताया।

# बढ़ती जनसंख्या से देश मजदूर राष्ट्र न बन जाए: राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा, वरना आने वाले दशकों में हालात मुश्किल हो सकते हैं। टिकैत का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए और सरकार को इस पर तुरंत कदम उठाना चाहिए।

टिकैत ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, नहीं तो अगले 100 वर्षों में देश की क्या स्थिति होगी? क्या यह मजदूर देश बन जाएगा? सरकारों ने अपने कर्तव्यों की उपेक्षा की है। टिकैत का मानना है कि आबादी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक हर क्षेत्र में जनसंख्या का असर साफ दिख रहा है। उनकी दलील है कि अगर अभी कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले समय में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जमीन जैसे बुनियादी मुद्दे और गंभीर हो जाएंगे।

# यूपी पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने को याचिका

**प्रयागराज, वार्ता**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नोटा लागू करने और बैलेट पेपर पर प्रत्याशी का नाम छापने की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल हुई। इसमें ग्रामीण मतदाताओं की सुविधा का हवाला दिया गया है। याचिका में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पंचायत चुनावों में नोटा का विकल्प लागू किया जाए और बैलेट पेपर पर चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी का नाम भी अनिवार्य रूप से छापा जाए।

मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशकार नरेश कुमार मौर्य ने अधिवक्ताओं देवी प्रसाद त्रिपाठी और देवीशंकर पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता सिर्फ चुनाव चिन्ह देखकर उम्मीदवार चुनने को मजबूर होते हैं, जिससे कई बार सही प्रत्याशी का चयन मुश्किल हो जाता है। यह भी दावा किया

**मजिस्ट्रेट कोर्ट में तैनात पेशकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की**

गया है कि बैलेट पेपर पर सिर्फ चुनाव चिन्ह होता है, नाम नहीं। अधिवक्ताओं का कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नोटा का विकल्प उपलब्ध है, लेकिन पंचायत चुनावों में यह सुविधा नहीं है। मामला न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है, वहीं विस्तृत याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस दिवाकर प्रसाद सिंह और न्यायमूर्ति बृजेश सिंह की बेंच करेगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए करीब 60 करोड़ बैलेट पेपर की जरूरत पड़ेगी। आयोग का दावा है कि बैलेट पेपर पहले ही छप चुके हैं, दोबारा मतपत्र छपवाना संभव नहीं है और इससे चुनाव समय पर कराना कठिन हो जाएगा।

## कफ सिरप मामले में यूपी में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# सहारनपुर समेत छह शहरों में ईडी ने मारी रेड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**निलंबित एसटीएफ जवान आलोक प्रताप सिंह के आवास पर चलाया लंबा तलाशी अभियान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागजात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है। उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में मनवानी ने स्वीकार किया था कि अवैध दवाएं वह सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। उसका एक अन्य सहयोगी अरुष सक्सेना अभी भी फरार है। गुरुवार को पुलिस ने सूरज को वीआईपी रोड के पास बैकुंठ धाम से और प्रीतम को बाशाहनगर से दबोचा। सूरज, सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और 'न्यू मंगलम आयुर्वेदिक' नाम की दवा एजेंसी चलाता है। प्रीतम, बहराइच के बड़ी राजा गांव का निवासी है और पुरानिया स्थित पारिवारिक रेस्तरां में काम करता है। कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार तेज हो रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह नेटवर्क राज्य में तेजी से फैल रहा था, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रहेगी।

## 50 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 50 करोड़ की ठगी का पुलिस ने खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड अजय को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार थाना साइबर में जब अजय पकड़ा गया, तो कई पीड़ित पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि अजय और उसके साथियों ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई। अजय और उसके साथी बड़े बड़े होटलों में सेमिनार आयोजित किया करते थे। सेमिनार में लोगों को क्रिप्टो में निवेश करने पर रकम को कई गुना करने का झांसा देते थे इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करके अन्य लोगों को भी जोड़ने पर लालच दिया करते थे। अजय और उसके गैंग ने अब तक 1500 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक अजय अलीगढ़ का रहने वाला है और कोविड महामारी के बाद अजय और उसके साथियों ने पूरी योजना बनाई। नोएडा में संपर्क करके वेबसाइड बनाई। जो लोग क्रिप्टो में इन्वेस्ट करते थे उसका लेखा जोखा वेबसाइड पर दिखाई देता था। धीरे धीरे करके लोग जुड़ते गए और लाखों रुपये इन्वेस्ट करते गए। कुछ लोगों को लाभ के साथ रकम वापस की ताकि भरोसा कायम रह सके और लोगों में विश्वास जाग जाए।



**सेंसेक्स** 85267.00
**निफ्टी** 26046.95



**सोना रु.** 133967
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 200362
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

**मुंबई, वार्ता**



**सेंसेक्स 85.267 अंक और निफ्टी 26046.95 अंक पर बंद हुआ**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 427 अंक और निफ्टी 141 अंक चढ़ गया था। मंझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर अन्य समूहों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक ज्यादा चढ़े। एनएसई में कुल 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,071 के शेयरों में तेजी और 1,036 में गिरावट रही। अन्य 88 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 3.34 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 2.37 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.25 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 1.71 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.59, भारती एयरटेल का 1.47, अडानी पोर्ट्स का 1.28, बजाज फाइनेंस का 1.15, एक्सिस बैंक का 1.09 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व का 1.01 प्रतिशत चढ़ गया। टाइटन, टीसीएस, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.89 फीसदी टूटा। सनफार्मा में 0.70 प्रतिशत, आईटीसी में 0.63 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत ऊपर था।

## चांदी पहली बार दो लाख के पार सोना भी ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। एमसीएक्स पर 24 कैरेट गोल्ड 1.34 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। जबकि चांदी पहली बार 2 लाख रुपए के पार पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला सोना शुक्रवार को 2.40 बजे के आसपास अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इसमें 1.06 फीसदी की बढ़त के साथ 1399 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 1,33,868 रुपए पर ट्रेड करने लगा। ट्रेडिंग के दौरान यह 1,33,967 रुपए के साथ ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि दिन का लो लेवल 1,32,275 रुपए रहा।

खबर लिखे जाने तक चांदी 2,00,250 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। इस दौरान इसका हाई लेवल 2,00,362 और लो लेवल 1,96,956 रुपए रहा। जबकि पिछले दिन यह 1,98,942 रुपए पर क्लोज हुई थी। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 133,680 रुपये प्रति 19 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 133,740, कानपुर में 133,790, लखनऊ में 133,790, भोपाल में 133,900, इंदौर में 133,900 , चंडीगढ़ में 133,890 और रायपुर में 133,840 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इंडिया बुलियन एंज ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) पर भी सोना-चांदी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। आईबीजेए के रेट्स के मुताबिक शुक्रवार सुबह 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में 2034 रुपए का उछाल आया और पिछले दिन के मुकाबले कीमत 1,30,569 रुपए हो गई।

## उप्र में अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 तक करें आवेदन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सिचाई लागत कम करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान द्धपीएम कुसुमऋ' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के किसानों को 40,521 सोलर पंप अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 15 दिसम्बर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। राज्य सरकार ने इस योजना के सुचारू संचालन के लिए 20227-50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार का मानना है कि सोलर पंप ग्रामीण क्षेत्रों में सिचाई के लिए किफायती, पर्यावरण-अनुकूल और निर्बाध ऊर्जा का साधन प्रदान करेंगे, जिससे किसानों का उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। इस वर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले सोलर पंपों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के पंपों पर अनुमोदित अनुदान में 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर 98,593 तक का अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 का अनुदान, 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621, 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये द्धराज्यांश 77,618 व केंद्रांश 54,696ऋ, 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये, 7-5 एचपी और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अधिकतम 2,54,983 रुपये का अनुदान द्धराज्यांश 1,40,780, केंद्रांश 1,14,203ऋ होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ किसानों को सोलर पंप की बुकिंग लिंक के माध्यम से करनी होगी। बुकिंग की पुष्टि के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाएगा, जिसके पश्चात किसान को अनुदान घटने के बाद शेष राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**2027 में होगी...**

मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसम्बर को खत्म हो रहा है। वहीं सरकार ने कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ते हुए शुक्रवार को इसके निर्यात को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोयले के निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए नीलामी नीति (कोल सेतु) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'कोल सेतु विंडो' नामक एक नई विंडो बनाई गई है, जिससे कोयले का उपयोग किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नई नीति सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए दीर्घकालिक आधार पर नीलामी के लिए कोयला लिंकेज का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में कोल सेतु नामक एक अलग विंडो जोड़ी गई है, जिसमें कोयले की आवश्यकता वाले कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय संसाधन उद्योगों (एनआरएस) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति के तहत सीमेंट, इस्पात (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य (उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर) सहित सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन एनआरएस को नीलामी के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान एनआरएस लिंकेज नीति के अनुसार, उप-क्षेत्र केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विंडो के तहत प्राप्त कोयला लिंकेज का उपयोग स्वयं के उपभोग, कोयले के निर्यात या देश में पुनर्विक्रय को छोड़कर किसी अन्य उद्देश्य (कोयले की धुलाई सहित) के लिए किया जा सकता है। कोयला लिंकेज धारक अपनी कोयला लिंकेज मात्रा के 50 प्रतिशत तक कोयले का निर्यात करने के पात्र होंगे। कोयला लिंकेज धारक इस विंडो के तहत प्राप्त कोयले का उपयोग अपनी समूह कंपनियों के बीच आवश्यकतानुसार लचीले ढंग से कर सकते हैं। भविष्य में धुले हुए कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए वाशरी संचालकों को दिए गए कोयला लिंकेज से देश में धुले हुए कोयले की उपलब्धता बढ़ेगी और परिणामस्वरूप आयात कम होगा। इसके अलावा, धुले हुए कोयले के खरीदार देश के बाहर भी मिलेंगे, इसलिए धुले हुए कोयले का उपयोग निर्यात के लिए भी किया जा सकता है।

# यूपी में 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उद्देश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विक. सित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गजीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) व लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे वैश्विक पर्यटन आकर्षण के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। इको-टूरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार प्रदान करने के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व और रामसर साइट्स पर चल रहे विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश 'नेचर-बेस्ड टूरिज्म' का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा।

# देशभर में 3 लाख 55 हजार वक्फ संपत्तियां गायब:पीडीपी



**जेएंडके की पूर्व सीएम का आरोप**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया है कि नए उम्मीद डेटाबेस के अनुसार देश भर में 3.55 लाख वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं।

महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि पूरे देश में 3.55 लाख से ज्यादा वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं, अकेले जेएंडके में नए उम्मीद डेटाबेस में 7,240 एंट्री गायब हो गई हैं। ये कमियां वक्फ एसेट्स की ट्रांसपेरेंसी और सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती हैं। हिंसा, तोड़फोड़ और वोट न मिलने के पैटर्न के साथ वक्फ जमीन का कटाव मुसलमानों के खिलाफ सबसे नया झटका लगता है, यह कहां खत्म होगा? उन्होंने नए उम्मीद डेटाबेस का एक स्क्रीनशॉट भी अटैच किया, जो 9 दिसंबर, 2024 और 6 दिसंबर, 2025 को पोस्ट किए गए आंकड़ों के बीच का अंतर दिखाता है। मुफ्ती द्वारा पोस्ट किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार आइलैंड, दिल्ली, बिहार और तेलंगाना को छोड़कर, जहां पिछले साल की तुलना में वक्फ प्रॉपर्टीज में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेगेटिव अंतर दिखा है, जिससे यह इंप्रेशन मिलता है कि एक साल में वक्फ प्रॉपर्टीज में भारी कमी आई है।

# रंजिश में मारी बिल्डर को गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** शाहदरा थाना क्षेत्र में एक बिल्डर को गोलियां मारने का मामला सामने आया है,बिल्डर की हत्या करने के मकसद से बाइक सवार बदमाशों ने गोलियां मारी और मौके से फरार हो गए स सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया प्रारम्भिक जांच में मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है जिस वजह से हत्या करने का प्रयास किया गया स वीरवार की रात करीब 10:31 बजे पुलिस स्टेशन शाहदरा में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें श्रीमती निशा ने बताया कि उनके पति को किसी ने गोली मार दी है और उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान, घायल व्यक्ति की पहचान जोगेंद्र राठौर उर्फ घ्घबिल्ला (50) पिता काशी राम, निवासी बलबीर नगर शाहद. रा के रूप में हुई। उनकी पीठ में तीन गोलियां लगी हैं और वे अस्पताल में भर्ती हैं जहां उनकी हालत स्थिर है। दो अज्ञात आरोपियों ने कथित तौर पर मोटरसाइकिल से गोली चलाई और फरार हो गए।

प्रथम दृष्टया पीड़ित द्वारा लगाए गए आरोप के अनुसार, कारण पुरानी दुश्मनी प्रतीत होती है। आगे की जांच जारी है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार जोगेंद्र राठौर अपने परिवार के साथ बलवीर नगर में रहते है वीरवार की रात वह अपने घर के पास ही मौजूद थे तभी दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी हत्या करने का प्रयास किया, और उनको गोलियां मारी, जोगेंद्र राठौर ने भागकर अपनी जान बचाई स वारदात की सूचना के बाद उनकी पत्नी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी स फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# दिल्ली यातायात पुलिस ने रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुरक्षित सड़कों और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने के लिये दिल्ली यातायात पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक हेडक्वार्टर) सत्य वीर कटारा की देखरेख में, पूरी दिल्ली में रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम की एक सीरीज चलाई है।

इन कोशिशों का मकसद सड़क इस्तेमाल करने वालों की एक बड़ी रेंज को शामिल करना था जिसमें स्कूली छात्र, साइकिल चलाने वाले, ऑटो/टैक्सी ड्राइवर, पब्लिक ट्रांसपोर्ट स्टाफ और रोजाना आने-जाने वाले लोग शामिल हैं ताकि ट्रैफिक नियमों, महिलाओं की सुरक्षा और सड़क के सही इस्तेमाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसी के तहत एक और खास पहल में, सफदरजंग एन्क्लेव में एनसीसी कैंप में एक बड़ा रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया गया, जो खास तौर पर नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) के युवा कैडेट्स को टारगेट करता था। इस इवेंट में 520 से ज्यादा एनसीसी कैडेट्स और 10 माइलेट्री ऑफिसर ने एक्टिवली हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें ट्रैफिक नियमों, रोड डिसिप्लिन और पैदल चलने वालों और आने वाले ड्राइवरों के तौर पर सेफ्टी नॉर्म्स को मानने की अहमियत के बारे में बताया गया। उन्होंने इस तरह की पहलों की अहमियत पर जोर दिया।

# सीएम ने 84 के सिख दंगों से प्रभावित परिवारों के आश्रितों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्ष 1984 के सिख दंगों से प्रभावित परिवारों के 36 आश्रितों को सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल नौकरियां नहीं हैं, बल्कि उन हजारों परिवारों की गरिमा, अधिकार और पहचान की औपचारिक मान्यता है, जो चार दशकों से न्याय और सम्मान की प्रतीक्षा कर रहे थे।

1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए न्याय की दिशा में यह कदम दिल्ली सरकार की संवेदना और जवाबदेही का प्रमाण है। जब सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण जारी था, तो पीड़ित परिवारों ने बेहद भावनात्मक तरीके से मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। सभी ने एक साथ अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइटें ऑन कर दीं। सभागार में जगमगाती यह रोशनी पीड़ित परिवारों के जीवन में आई नई उम्मीद और उजाले का प्रतीक बन गई। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि सरकार के इस मानवीय निर्णय ने उनके जीवन में खोया हुआ सम्मान और भरोसा फिर से लौटा दिया है।इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में दंगा पीड़ित परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का विशेष सम्मान भी किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1984 के दंगे भारत के इतिहास का ऐसा काला अध्याय हैं, जिन्हें भुलाना असंभव है। जिन लोगों ने उस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोया, उनके दर्द की कोई भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केंद्र में सरकार बनने के बाद इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने और पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की प्रक्रिया को गति दी। प्रधानमंत्री ने ही एसआईटी का गठन कर दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में निर्णायक पहल की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने आज यह सुनिश्चित किया है कि पीड़ित परिवारों को सम्मानजनक जीवन मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछली सरकारों ने बड़े बड़े वादे किए, लेकिन पीड़ित परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सत्ता संभालने के बाद न केवल ऐसे पात्र आश्रितों की पहचान की, बल्कि पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति देने का निर्णय लिया। कुछ सप्ताह पहले 19 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे और आज 36 और आश्रितों को विभिन्न सरकारी विभागों में एमटीएस पद पर नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी नए नियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और विकसित दिल्ली के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 1984 के दंगा पीड़ित परिवार सम्मान, सुरक्षा और न्याय की दशकों लंबी लड़ाई लड़ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिवारों ने अदालतों से लेकर सड़कों तक संघर्ष किया और अपनों को खोने का दर्द आज तक उनके जीवन का हिस्सा रहा है। आज दिए जा रहे ये नियुक्ति पत्र उन गहरे घावों पर लगाया गया वास्तविक मरहम हैं, जिन्हें इन परिवारों ने वर्षों तक अकेले सहा।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 1984 के सिख दंगों से प्रभावित परिवारों के आश्रितों को वितरित करती हुई सरकारी नियुक्ति पत्र।**

# 11 साल पुराना मर्डर केस सुलझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 11 साल पुराने एक मर्डर केस को सुलझाते हुए आरोपी लखन सिंह उर्फ अंश कुमार को उत्तर प्रदेश के कासगंज से गिरफ्तार किया है। लखन सिंह वर्ष 2014 में दर्ज पुलिस स्टेशन रानहोला के मर्डर केस में लंबे समय से वांछित चल रहा था और उसे 2015 में अदालत की ओर से भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व में हत्या और गंभीर मामलों को सुलझाने में जुटी टीम ने इस पुराने केस पर दोबारा काम शुरू किया। आरोपी के राजस्थान, हरियाणा और यूपी के कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर पुखराज और एएसआई प्रदीप को आरोपी की मौजूदगी से जुड़ी अहम जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने बड़े स्तर पर रिकॉर्ड की जांच और तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपी का पता कासगंज में लगाया। इसके बाद टीम ने उत्तर प्रदेश में कासगंज में समन्वित ऑपरेशन चलाया और 11 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, ताकि वह गिरफ्तारी से बच सके, लेकिन इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि यह मामला 21 नवंबर 2014 को सामने आया था, जब रानहोला थाना क्षेत्र में होली कॉन्वेंट स्कूल के पास खेड़ी बाबा पुल के नाले के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव पर चेहरे, सिर के पीछे और शरीर के हिस्सों पर गहरे घाव पाए गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान राकेश भगत के रूप में हुई।

पुलिस ने जब मामले की जांच की तो हत्या के आरोप में लखन सिंह का नाम सामने आया, लेकिन अपराध के बाद वह फरार हो गया और पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। जांच में पता चला था कि लखन सिंह का जन्म राजस्थान के करौली में हुआ था और वह शुरुआती पढ़ाई के बाद नजफगढ़ आकर मजदूरी का काम करता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह 11 वर्षों तक अलग-अलग राज्यों में छिपता रहा।

## एक नजर

### सैनिक फार्म क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने शुक्रवार को एक बंगला गिराना शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई सुबह करीब छह बजे शुरू हुई, जिसमें ढांचे को गिराने के लिए कई मशीनें तैनात की गईं। अधिकारी के अनुसार, यह भवन कथित रूप से सरकारी भूमि पर निर्मित था। उन्होंने बताया कि कार्रवाई स्थल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। बंगले के मालिक के अनुसार, मामला अदालत में लंबित है। उन्होंने बताया कि यह भूखंड 1993 में खरीदा गया था और मकान 2000 में बनाया गया था।

### 30वें वार्षिक संपत्ति सृजन अध्ययन 2025 की घोषणा

**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने 30वें वार्षिक संपत्ति सृजन अध्ययन (2020-2025) की घोषणा की, जो मोतीलाल ओसवाल समूह के अध्यक्ष रामदेव अग्रवाल के नेतृत्व में गहन, डेटा-आधारित इक्विटी अनुसंधान के तीन दशकों का प्रतीक है।

अपने अध्ययन पर टिप्पणी करते हुए मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के चेयरमैन रामदेव अग्रवाल ने कहा, भारत अपने सबसे शक्तिशाली चक्रवृद्धि युग में प्रवेश कर रहा है। अर्थव्यवस्था के 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 16 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की ओर बढ़ने के साथ, बढ़ते वित्तीयकरण, विस्तारित इक्विटी स्वामित्व और मजबूत कॉर्पोरेट लाभप्रदता का संयोजन निवेशकों के लिए कई ट्रिलियन डॉलर का अवसर पैदा कर रहा है।

### मोटरसाइकिल शोरूम का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया एचएमएसआई ने दरियागंज, दिल्ली में अपनी नई सेल्स और सर्विस आउटलेट राजिंद्र होंडा का उद्घाटन किया। यह नई सुविधा दिल्ली में एचएमएसआई की पहुँच को मजबूत करती है और क्षेत्र के ग्राहकों को ब्रांड की टू-व्हीलर श्रृंखला तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करने के उद्देश्य का समर्थन करती है। इस आउटलेट के साथ, एचएमएसआई भरोसेमंद टू-व्हीलर्स की बढ़ती मांग को सहज और परेशानी-मुक्त ओनरशिप अनुभव के साथ पूरा करेंगे। राजिंद्र होंडा को होंडा के विशिष्ट 4 सेटअप के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें बिक्री, सेवा, स्पेयर पार्ट्स और होंडा का सुरक्षा राइडिंग प्रचार शामिल है।

### दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम-2025 लागू हुए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया की दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 तथा इससे संबंधित नियम, 2025 लागू हो चुके हैं। शिक्षा विभाग अब अधिनियम/नियमों में निर्दिष्ट सभी प्रक्रियाओं जैसे स्कूलों की फीस प्रस्तावों की जांच, अनुमतियाँ, रिपोर्टिंग और निगरानीख्रको लागू करना शुरू करेगा।पिछली सरकार पर कठोर प्रहार करते हुए सूद ने कहा कि पूर्व सरक. ारों ने 27 वर्षों तक इस महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज किया, लेकिन हमारी सरकार ने कुछ ही दिनों में इस ऐतिहासिक सुधार को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में एक मजबूत कानून लागू किया गया, जिसने दिल्ली में प्रशासनिक दक्षता और सुशासन का नया मानदंड स्थापित किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि "शिक्षा व्यवसाय नहीं, अधिकार है" और सरकार दिल्ली के हर बच्चे को ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून न केवल अभिभावकों की चिंताओं का समाधान करेगा, बल्कि शिक्षा प्रणाली में जनता का विश्वास भी मजबूत करेगा। सूद ने अभिभावकों व संरक्षकों से अपील की कि वे इस नए कानून का समर्थन करें और पारदर्शिता बनाए रखने में योगदान दें।

सूद ने बताया कि यह ऐतिहासिक अधिनियम और इसके नियम निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से की जाने वाली फीस बढ़ोतरी को रोकने, अभिभावकों को सशक्त बनाने और शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि अनुचित और मनमानी फीस बढ़ोतरी को पूरी तरह रोका जाए। स्कूलों को अपनी फीस संरचना, व्यय और वित्तीय आवश्यकताओं को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करना होगा।

शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि इस नए कानून के लागू होने से अभिभावकों को फीस से जुड़ी लगातार आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा और स्कूलों की निगरानी संभव होगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए अभिभावकों के हित सर्वोपरि हैं। यह परिवर्तनकारी कदम न केवल अभिभावकों का विश्वास बढ़ाएगा, बल्कि स्कूलों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि नए अधिनियम में कई ऐसे प्रावधान शामिल हैं जो अभिभावकों को एक सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय व्यवस्था प्रदान करते हैं।

# एक चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के पालम गांव थाने के स्टाफ ने एक चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से चोरी का मोबाइल और चोरी की नकदी 8,690/ रूपये बरामद किए है।आरोपी पहले भी चोरी के दो मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि पालम गांव थाने के इलाके में चोरी और सेंधमारी की घटनाओं को रोकने के लिए, एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की देखरेख में एसएचओ पालम गांव सुधीर कुमार गुलिया के नेतृत्व में टीम ने रात के समय पेट्रोलिंग तेज कर दी थी। इसी बीच इलाके में टीम द्वारा पेट्रोलिंग और गाड़ी चेकिंग के दौरान, एक संदिग्ध व्यक्ति बृजपाल उर्फ राजू (22)घूमता हुआ मिला।

# सांसद अशोक कुमार का मैन वेलफेयर ट्रस्ट ने आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मैन वेलफेयर ट्रस्ट दिल्ली के कार्यकर्ता प्रियश भार्गव, भूपेश गुप्ता, मनीष, विनोद कुंद्रा एवं नानक चंद ने आज राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल से भेंट कर संसद में पुरुष आयोग के गठन के लिए प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत करने पर उनका आभार व्यक्त किया।



भेंट के दौरान ट्रस्ट के प्रति. निधियों ने कहा कि श्री मित्तल द्वारा उठाया गया यह कदम देशभर में सक्रिय पुरुष संगठनों तथा लगभग 70 करोड़ पुरुषों के अधिकारों की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है। पुरुष आयोग की मांग लंबे समय से विभिन्न संगठनों द्वारा उठाई जाती रही है, ताकि पुरुषों से जुड़े सामाजिक, पारिवारिक, और कानूनी मुद्दों का सही मंच पर समाधान हो सके। सांसद अशोक कुमार मित्तल ने भी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में पुरुषों के अधिकारों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए समाज में समानता और न्याय के सिद्धांत को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैन वेलफेयर ट्रस्ट ने उम्मीद जताई कि इस बिल के माध्यम से पुरुषों से संबंधित समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उचित पहचान मिलेगी और आने वाले समय में इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और जल्द पुरुष आयोग का गठन होगा।

# उत्कृष्टता के लिए सीआईआई स्केल अवॉर्ड 2025 मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट, पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और एग्री-सॉल्यूशंस कंपनी, को सीआईआई द्वारा आयोजित 12वें सप्लाई चेन एंड लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस स्केल अवॉर्ड्स में एक बार फिर 'एग्री-वेयरहाउसिंग उत्कृष्टता' के लिए सम्मानित किया गया है।लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माने जाने वाले सीआईआई स्केल अवॉर्ड्स उन संस्थानों को सम्मानित करते हैं जो नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और श्रेष्ठ सप्लाई चेन प्रथाओं के माध्यम से उद्योग मानक स्थापित करते हैं। जूरी ने एसएलसीएम को उसके पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म के लिए सम्मानित किया, जो साइंटिफिक वेयरहाउसिंग, एआई-आधारित गुणवत्ता परीक्षण, सर्टिफिकेशन, स्टोरेज रिसीट्स द्वारा फंडिंग और कमोडिटी लाइफ साइकिल की रियल-टाइम मॉनिटरिंग को एकीकृत 'फिजिटल' इकोसिस्टम में समेटता है। इस प्लेटफॉर्म ने पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करने के साथ-साथ पारदर्शिता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है।



**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में डीयू कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1280वीं बैठक हुई।**

# 28 फरवरी को डीयू के 102वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे उपराष्ट्रपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1280वीं बैठक का आयोजन शुक्रवार, 12 दिसंबर को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के आरंभ में अपने संबोधन में कुलपति ने बताया कि 28 फरवरी 2026 को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय की 102 वें दीक्षांत समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि उससे पहले 30 जनवरी को नशा मुक्ति अभियान को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी माननीय उपराष्ट्रपति डीयू में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बैठक के दौरान चीफ इंजीनियर अशोक सैनी ने विश्व. विद्यालय में जारी निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों पर जानकारी प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि करीब 2000 करोड़ रुपए की लागत से विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं।

इनमें से अधिकतर निकट भविष्य में पूर्ण होने वाले हैं। इस दौरान कुल. पति ने प्रस्ताव रखा कि आर्ट्स फैकल्टी में स्थित कन्वेंशन हाल का नाम नवीनीकरण के बाद वंदे मातरम् हाल रखा जाए। सभी ईसी सदस्यों ने इस बारे अपनी सहमति जताई। डीयू में सेंटर फॉर उड़िया स्टडीज बनाने के लिए बनी कमेटी की सिफारिशों पर विचार के उपरांत उन्हें भी मंजूरी दे दी गई है। यह सेंटर डीयू की आर्ट्स फैकल्टि में बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुलपति ने बताया कि 12 से 14 फरवरी, 2026 को दिल्ली विवि लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि यह देश का सर्वोत्तम समारोह हो।

डीयू ईसी की बैठक के आरंभ में डीयू कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता ने पिछली ईसी बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। गत 05 दिसंबर को आयोजित हुई डीयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक में की गई सिफारिशों पर विचार करने के उपरांत उन्हें भी स्वीकृति प्रदान की गई।

# विधायक सूर्य प्रकाश खत्री का जन्मदिन मनाया गया

**नई दिल्ली।** तिमारपुर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री का जन्मदिन आज बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। मुखर्जी नगर क्षेत्र के किंग्सवे कैम्प स्थित हरि मन्दिर में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन की बधाई देने पहुंच रहें थे सामाजिक धार्मिक व्यापारिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

इस अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें सामाजिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के द्वारा



तिमारपुर स्थित इन्द्रा बस्ती में आई कैम्प लगाया गया तथा भाजपा उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिला व्यापार प्रकोष्ठ के द्वारा हरि मन्दिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री को दिल्ली के मेयर श्री राजा इकबाल सिंह भी बधाई देने पहुँचें।

# दिल्ली का एक्यूआई फिर से 300 पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता एक बार फिर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई। शुक्रवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में केवल दो दिन तक 'खराब' श्रेणी में हवा बरकरार रहने के बाद, हवा की गति कम होने के चलते प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआई 300 पार जा पहुंचा। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, शुक्रवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 326 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 347, आनंद विहार में एक्यूआई 386, अशोक विहार में 374, आया नगर में 255, बवाना में 365, बुराड़ी में 350, चांदनी चौक इलाके में 362 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

वहीं, डीटीयू में 361, द्वारका सेक्टर 8 में 335, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 243, आईटीओ में 354, जहांगीरपुरी में 401, लोधी रोड 274, मुंडका 371, नजफगढ़ में 228, पंजाबी बाग में 360, रोहिणी 384, विवेक विहार 384, सोनिया विहार 338, आरकेपुरम 338, वजीरपुर में 382 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, कई इलाकों में गंभीर और बेहद खराब श्रेणी में हवा दर्ज की गई।

# शिवराज पाटिल के निधन पर शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ -रजि नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री शिवराज वी पाटिल के आज आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है। वत्स ने कहा कि श्री शिवराज वी पाटिल का निधन उनकी व्यक्तिगत क्षति है।

श्री शिवराज पाटिल अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के मुख्य संरक्षक भी थे। वत्स ने कहा कि उनके निधन देश और समाज की अपूरणीय क्षति है। वे अनेकों संस्थाओं से जुड़े थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में वह सात बार लातूर से लोकसभा के सांसद रहे। वे पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक भी रहे।

शिवराज वी पाटिल एक मृदु भाषी, सौम्य व्यक्तित्व के स्वामी राजनेता थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में साथ काम किया। वत्स ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत शिवराज पाटिल की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार जनों को इस दुख को वहन करने की शक्ति दें।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# रिकॉर्ड: नमो भारत ने पूरी की 2 करोड़ कम्प्यूटर ट्रिप्स

**गाजियाबाद।** दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ स्कॉलरशिप द्वारा संचालित नमो इंडिया ट्रेन सर्विस ने अपनी दो साल में 2 करोड़ की कम्प्यूटर ट्रिप का असामान्य कीर्तिमान स्थापित किया है। अक्टूबर 2023 में यात्रा की शुरूआत के बाद से ही यात्रियों के लिए यह तेज, विश्वसनीय और सुरक्षित यात्रा का प्रमुख साधन बन गया है।

शुरुआती दिनों में प्रतिमाह करीब 72,000 यात्री यात्रा कर रहे थे, लेकिन वर्ष 2024 के अंत तक यह संख्या 7 लाख प्रतिमाह तक पहुंच गई, जिससे प्रति लोगों का विश्वास बढ़ गया है। केंद्र सरकार द्वारा लगातार विस्तार करते हुए इस गैलरी का असर



राइडरशिप स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 2024 में मोदीनगर नॉर्थ और फिर निर्वासित साउथ तक का बिजनेस शुरू हुआ जिसके बाद यात्रियों की संख्या में कई ग्रुप दर्ज हो गए। वर्ष 2025 की शुरुआत दिल्ली खंडख्रन्यू अशोक नगर से साहिबाबादख्रके उद्घाटन के बाद तो राइडरशिप में रिकॉर्ड उछाल आया। आनंद विहार जैसे प्रमुख मल्टी-मॉडल हब के साथ दिल्ली और आसपास के क्षेत्र के हजारों लोग रोजाना इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

## दिल्ली से मेरठ हुआ पास

जुलाई 2025 तक प्रति माह राइडरशिप 15 लाख के करीब और एक दिन में अधिकतम 81,550 यात्रियों का उपयोग दर्ज हुआ। यात्रियों का कहना है कि नमो भारत ने उनका अनुभव आसान बना दिया है। छात्रों के अनुसार अब दिल्ली पहुंचने में पहले समय नहीं लगता और भीड़भाड़, छात्रों का इंतजार और जाम जैसी समस्याओं से राहत मिल गई है। सरकारी में रेलवे कोच की सुविधा के बारे में बताया गया है। यात्रियों की संख्या में ग्रुप को देखते हुए एमसी ने स्कॉट्स की फ्रीक्वेंसी 15 मिनट से लेकर 10 मिनट तक की दी है और भविष्य में इसे 3 मिनट तक आने की योजना है। विशेषज्ञ का मानना है कि आने वाले वर्षों में डेली राइडरशिप लाखों में पहुंचेगा, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण परिवहन जहाज उभरेगा।

# उत्तराखंड महोत्सव मेले में दिखी लोक कला की झलक

**मेले में लगी दुकानों पर लोगों ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद लिया और क्षेत्रीय उत्पादों की खरीदारी की**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा मॉल में पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को पारंपरिक संस्कृति और लोक कला की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष सागर रावत ने मेले प्रांगण में बने मंदिर में सरस्वती वंदना कर की।

कार्यक्रम में सबसे पहले बरखा, प्रज्ञा, प्रगति, श्रेया, शीतल, गौरी और प्रेरणा ने आकर्षक गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पहाड़ी गीतों पर जमकर थिरके।

मेले में लगी दुकानों पर लोगों ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद लिया और क्षेत्रीय उत्पादों की खरीदारी की। कार्यक्रम में विजय रावत, बलराज नेगी, चिरंजीवी लाल भट्ट, मुकेश कठैत, आस्था नौटियाल, विशन सिंह हरेला, श्रवण भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कौशांबी में हरे रामा हरे कृष्णा मंडल ने किया नगर कीर्तन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**साहिबाबाद।** कौशांबी में हरे रामा हरे कृष्णा मंडल द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। सेंट्रल पार्क कौशांबी राम चौक होते हुए जयपुरिया स्थित मंदिर में इसका समापन हुआ। पप्पू चौपाल और क्षेत्र की अन्य महिलाओं ने इस कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल भी उपस्थित रहे क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों में राकेश जकेतिया मनीष जैन गौरव वर्मा विनय महेश्वरी पवन गुप्ता राज शर्मा नरेंद्र कमल गुप्ता एस आर सिंह मुदित मनीष मरोडिया कमल ओबेरॉय अवधेश कटिहार अजय गुप्ता गौरव वर्मा एडवोकेट निर्कता गुप्ता ऋतु जैन मंजू कपूर रेनू मल्होत्रा पूनम तिवारी गोविंद सुनीता उमा मेहरा नीरू वर्मा कीर्ति चोपड़ा एम एल खुराना कीर्ति चोपड़ा सरोज खुराना सुमन चौधरी निर्मला शास्त्री मंजू बारोनिया सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया।

# विविध क्षेत्रों में करियर के अवसर विषय पर गेस्ट लेक्चर का सफलतापूर्वक आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा 'बायोटेक्नोलॉजी एवं लाइफ साइंसेज में हालिया प्रवृत्तियाँ: विविध क्षेत्रों में करियर के अवसर' विषय पर गेस्ट लेक्चर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा से आईं प्रतिष्ठित वक्ता प्रो. डॉ. श्वेता डंग, प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी विभाग और प्रो. डॉ. पम्मी गौबा, डायरेक्टर (आर एंड डी), डीन (एकेडमिक्स) एवं विभागाध्यक्ष, बायोटेक्नोलॉजी विभाग उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ. ए. शन्मुगनाधन तथा स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक डॉ. ज्योति चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल की सराहना की। दोनों विशेषज्ञों ने बायोटेक्नोलॉजी एवं लाइफ साइंसेज के क्षेत्र में उभरती तकनीकों, शोध की नई दिशाओं तथा व्यापक करियर संभावनाओं पर अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रश्न-उत्तर सत्र में सक्रिय रूप से जुड़कर अपने ज्ञान का विस्तार किया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाया। इस सफल आयोजन के लिए चेयरमैन एवं चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) विमल कुमार शर्मा तथा प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव के बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए स्कूल ऑफ साइंसेज हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## मंदिर से दानपात्र चोरी आरोपी कैमरे में कैद

**मोदीनगर।** गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी माता मंदिर से बदमाश दानपात्र चोरी कर ले गया। आरोपी मंदिर में सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। मंदिर की सुरक्षा में नगर पालिका के गार्ड तैनात हैं। बताया जा रहा कि गुरुवार को सुरक्षाकर्मी मंदिर में मौजूद नहीं थे। इसी बीच एक बदमाश दानपात्र चोरी कर ले गया। आरोपी ने दानपात्र तोड़कर पास में फेंक दिया और उसमें एकत्र रकम निकालकर फरार हो गया। शुक्रवार सुबह जब पुजारी पहुंचे तो घटना की जानकारी हो सकी। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद की नई कार्यकारिणी ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज विनोद सिंह रावत ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में दो बार के पूर्व बार अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में पूर्व राज्य मंत्री बालेश्वर त्यागी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालेश्वर त्यागी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म के प्रति ईमानदार होना चाहिए। यदि बार और बेंच मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें, तो न्यायिक व्यवस्था और भी मजबूत होगी और आमजन का न्यायपालिका पर विश्वास बढ़ेगा।

जिला जज विनोद सिंह रावत ने कहा कि बार और बेंच दोनों का उद्देश्य एक ही है बेहतर और प्रभावी न्यायिक व्यवस्था प्रदान करना। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस्य और सहयोग से न्यायिक कार्यों में और तेजी व पारदर्शिता आएगी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी ने कहा कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, न्यायालय परिसर में सुगमता, पुस्तकालय व्यवस्था के विस्तार और तकनीकी सुविधाओं को मजबूत बनाने पर प्राथमिकता से काम करेगी। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के रूप में अध्यक्ष पद पर ब्रह्मदेव त्यागी, सचिव पद पर वरुण त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आदेश कुमार गर्ग तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार पंवार , कोषाध्यक्ष के रूप में खुशनुमा परवीन, शहर सचिव (प्रशासन) के पद पर सुनील कुमार और सह सचिव (पुस्तकालय) के पद पर अमित कुमार पाल ने शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह-छह सदस्यों ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मृदुल कुमार मिश्रा, वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी संजयवीर सिंह के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस बनी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला गया। 7 दिन से चल रहे मुकाबलों में उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीमों के 500 खिलाड़ियों ने अपने कौशल, खेल भावना, मेहनत और प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस पुलिस को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



7वें दिन के फाइनल मुकाबले के अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल समिति के सचिव दिलीप सिंह, सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर विभा रावत तथा प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बजपाल सिंह तेवतिया टीमों क उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित रहे।

खेले गए फाइनल मुकाबले का परिणाम इस प्रकार रहा फाइनल मुकाबला परिणाम मेरठ व बागपत बागपत 64 56 से जीता, उत्तर प्रदेश पुलिस व हाथरस, उत्तर प्रदेश पुलिस 88-55 से जीती, इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस पहले स्थान पर, हाथरस द्वितीय स्थान पर तथा बागपत तीसरे स्थान पर रही।

# तंबाकू मार्शल पहल की शुरुआत: तंबाकू-मुक्त कैंपस की दिशा में बड़ा कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भारत में तंबाकू का सेवन ओरल कैंसर का सबसे बड़ा रोके-जाने-योग्य कारण है। युवा वर्ग में इसके बढ़ते उपयोग ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। स्कूल और कॉलेजों में तंबाकू-मुक्त वातावरण बनाना ओरल कैंसर की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है। इसी दिशा में क्राइस्ट कॉलेज, ने ICanCaRe – Innovative Cancer Care & Rehabilitation के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। क्राइस्ट कॉलेज के प्रबंधन विभाग और ICanCaRe औपचारिक MoU के आधार पर प्रोजेक्ट UMEED



–A Hope to Live के तहत तंबाकू मार्शल पहल को शुरू किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवा छात्रों को स्वास्थ्य जागरूकता के नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करना है, ताकि वे अपने साथियों और समुदाय में तंबाकू-रहित संस्कृति को बढ़ावा दे सकें। आईकैनकेयर के संस्थापक एवं मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के सीनियर डायरेक्टर, प्रो. (डॉ.) पवन गुप्ता का कहना है युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि उन्हें सही ज्ञान और कौशल दिया जाए, तो वे सार्वजनिक स्वास्थ्य के सबसे मजबूत रक्षक बन सकते हैं। तंबाकू-मुक्त कैंपस इस दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत है। छात्रख्रिया और दियांक्षु-Mission Stage Zero BETA Meet, मैक्स अस्पताल वैशाली में शामिल हुए और ओरल कैंसर से लड़ाई को करीब से समझा। इसके बाद 10 दिसंबर 2025 को आयोजित तंबाकू मार्शल नामांकन कार्यक्रम में 44 प्रथम-वर्ष के छात्रों ने तंबाकू-मुक्त वातावरण बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीक्षा पांडे और जैस्मिन कौर द्वारा किया गया। तंबाकू मार्शलों को विशेषज्ञों की टीम ने प्रशिक्षित किया, जिनमें शामिल थे। प्रो. (डॉ.) पवन गुप्ता सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ संस्कृति सिंह साइको-ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गणेश दुबे मौखिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आकांक्षा सेठी सामुदायिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, तंबाकू मार्शल मॉडल के प्रमुख उद्देश्य युवाओं को तंबाकू शुरू न करने के लिए प्रेरित करना तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को सलाह देना प्रारंभिक नुकसान के संकेत पहचानना कैंपस और समुदाय में जागरूकता फैलाना तंबाकू-मुक्त क्षेत्रों को सक्रिय रखना, तंबाकू छोड़ने वालों का मार्गदर्शन करना, प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद छात्रों को ICanCaRe Academy के ऑनलाइन मूल्यांकन के माध्यम से प्रमाणित किया जाएगा।

# पेयजल लाइन में लीकेज, दूषित जलापूर्ति से लोग परेशान

**लोगों का आरोप है कि जलकल विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है**

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। शालीमार गार्डन और वसुंधरा इलाके में पेयजल लाइन में लीकेज से लोगों को दिक्कत हो रही है। वहीं राजेंद्र नगर सेक्टर-3 में दूषित पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। दूषित जलापूर्ति से लोगों को संक्रमित होने का डर सता रहा है। इससे करीब 30 हजार लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में पानी की किल्लत और बर्बादी होने से लोगों में रोष है। कहीं पानी की लाइन में लीकेज से पानी सड़क पर बह रहा है, तो कहीं सीवर-मिक्स पानी की सप्लाई हो रही है।

लोगों का आरोप है कि जलकल विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। शालीमार गार्डन निवासी नरेंद्र ने बताया कि इलाके में कई स्थानों पर पानी की लाइन जर्जर हो चुकी है, जिससे लीकेज की समस्या काफी समय से बनी हुई है। वसुंधरा सेक्टर-3 निवासी कृष्ण मलहोत्रा ने बताया कि इलाके में ग्रीन बेल्ट से होकर जाने वाली पानी की लाइन लगभग 10 दिन से लीक कर रही है। इससे पानी सड़क पर फैल रहा है और हादसे का खतरा बना हुआ है। राजेंद्र नगर सेक्टर-3 में दूषित पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं।

स्थानीय निवासी शंकर दत्त ने बताया कि पिछले 15 दिन से पेयजल में सीवर का पानी मिलकर घरों में आ रहा है। इस वजह से बोतल बंद पानी खरीद गुजारा करना पड़ रहा है। जिससे आर्थिक बोझ बढ़ गया है। रोजाना 50 से 100 रुपये तक का खर्च बढ़ गया है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द साफ पानी की आपूर्ति बहाल की जाए। जलकल विभाग के सहायक अभियंता शेषमणी यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है और जल्द ही पाइपलाइन की जांच कर लोगों को साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# जिले के 15 हजार से ज्यादा बच्चों को नहीं मिली यूनिफॉर्म की राशि

**गाजियाबाद।** परिषदीय स्कूलों के लगभग 15 हजार से अधिक बच्चों को अभी तक यूनिफॉर्म की धनराशि नही मिली है। धनराशि न मिलने से बच्चे सर्दियों में पुराने स्वेटर और जूतों में ही स्कूल आ रहे हैं। इस सत्र में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) पोर्टल पर कुल 87411 बच्चे पंजीकृत हैं जिसमें से अभी तक लगभग 72 हजार बच्चों को ही धनराशि मिली है। कई स्कूलों में बच्चे घर के कपड़ों में ही आते हैं। बच्चों को सत्र खत्म होने तक धनराशि मिलती है जिससे बच्चों को पूरा सत्र या तो बिना यूनिफॉर्म के या पुरानी यूनिफॉर्म में स्कूल आना पड़ता है। बेसिक शिक्षा विभाग में जिला समन्वयक मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन रुचि त्यागी ने बताया कि धनराशि के लिए बच्चों के बैच बनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आठ हजार से ज्यादा बच्चों के खाते सीडिड नहीं है जिसकी वजह से उन्हें धनराशि नहीं मिली है। वहीं 2500 से ज्यादा बच्चों की सूची बनाकर शासन को भेजी गई है। 15-20 दिन पहले ही डीबीटी की एक किस्त आई थी। उन्होंने कहा कि डीबीटी के लिए अब बच्चों का आधार होना अनिवार्य नहीं है, रुपये उनके अभिभावकों के खाते में भेज दिए जाते हैं। हर साल हजारों बच्चे रह जाते हैं वंचित बेसिक शिक्षा विभाग में हर साल हजारों बच्चे डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली धनराशि से वंचित रह जाते हैं।

# मोदी कॉलेज में युवा उत्सव/ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाजियाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में आयोजित किया गया। युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोकगीत, भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, चित्र कला एवं इनोवेशन विज्ञान मेला आदि के माध्यम से युवाओं को प्रतिभाग कराकर युवाओं के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निकालने का प्रयास किया जिससे युवा पीढ़ी राष्ट्रीय विकास में योगदान दे सके। क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने युवाओं को राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, सुचेता सिंह ने प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने परिवार के साथ साथ अपने क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। विजेता प्रतिभागियों को विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख सूचित सुचेता सिंह द्वारा सम्मान प्रतीक, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व ऋषि कुमार जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी व सौरभ सिंह, व्यायाम प्रशिक्षक गाजियाबाद, प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चन्द अग्रवाल एवं प्रवीण कुमार जैनर एवं एन सी सी अधिकारी मोदी कॉलेज तथा विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह जी का स्वागत बुके एवं सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आर के सिंह, डॉ नीतू, कैप्टन रजनीश जिंदल, महाननन्द सिंह, शरद कुमार बाजपेई, बलराम सिंह, वर्षा चौधरी, संजीव कुमार, नंदलाल, रेखा, अनिल यादव, शुभांगी पाठक, हेमा रावल, मोनिका रानी, रितु जांगिड़, ललितेश, अनुराधा, आदि का विशेष योगदान रहा।

# कांस्टेबल से सब-इंस्पेक्टर रैंक तक ऑनरेरी रैंक प्रमोशन स्कीम को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया डीजीएसपी/आईजीएसपी सम्मेलन के फॉलो-अप के तौर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की मौजूदगी में केंद्र शासित प्रदेश लेवल की वर्कशॉप पुलिस हेडक्वार्टर में हुई। इस वर्कशॉप का मकसद कॉन्फ्रेंस के एक्शनेबल पॉइंट्स को लागू करना और एसीपी रैंक तक के अधिकारियों के साथ उन पर विचार-विमर्श करना था।इस अवसर पर बोलते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लाल किले में कार ब्लास्ट की घटना के बाद और ऑर्गनाइज्ड क्राइम/ ड्रग्स/गैंगस्टर्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस की जांच की कोशिशों की तारीफ की। दिल्ली उपराज्यपाल ने यह भी बताया कि पिछले तीन सालों में दिल्ली पुलिस ने अब तक लगभग 14,000 करोड़ रुपये कीमत के 45,000 किलोग्राम से ज्यादा जब्त किए गए ड्रग्स को नष्ट किया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग पहलों की भी तारीफ की, जिसमें सशक्ती, वी केयर, युवा, प्रहरी वगैरह शामिल हैं और उन्होंने दिल्ली पुलिस को फुटपाथ पर अपनी गाड़ियां पार्क करके कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

दिल्ली पुलिस के जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस (कॉन्स्टेबल से सब-इंस्पेक्टर) के लिए ऑनरेरी रैंक प्रमोशन स्कीम को मंजूरी देने की भी घोषणा की, यानी अब कांस्टेबल से सब-इंस्पेक्टर रैंक का कोई भी व्यक्ति अपने रिटायरमेंट के दिन अगले रैंक की यूनिफॉर्म पहनेगा।इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपराज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया और आगे बताया कि कैसे दिल्ली पुलिस ने पिछले तीन वर्षों में 70 आतंकी स्लीपर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके और 30 आतंकवादियों और उनके साथियों को गिरफ्तार करके आतंक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। आगे बोलते हुए, उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस गैंगस्टरों द्वारा धमकी और जबरन वसूली कॉल पर विशेष ध्यान दे रही है। दिल्ली पुलिस साइबर अपराध पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है और उठाए गए कदमों में ठगी गई रकम की ई-थ्प्ट की सीमा 10 लाख रुपये से घटाकर 1 लाख रुपये करना शामिल है।

## नालों का गंदा पानी कर रहा यमुना को प्रदूषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राजधानी के 22 नालों में से 8 का पानी बिना उपचारित किए हुए सीधे यमुना में जा रहा है। भारी मात्रा में गंदा पानी नदी को और प्रदूषित कर रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पेश इस रिपोर्ट में जिक्र है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की लापरवाही से 58 झुग्गी-बस्तियों से रोजाना लगभग 9.27 मिलियन लीटर गंदा पानी बिना किसी सफाई के नालों और नदी में बह रहा है। इस लापरवाही पर डीपीसीसी ने डीजेबी पर 18.54 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया है। एनजीटी के आदेश पर तैयार रिपोर्ट में डीपीसीसी के सीनियर पर्यावरण इंजीनियर डॉ. अनवर अली खान ने बताया कि यमुना में गिरने वाले 22 नालों की हालत चिंताजनक है। इनमें से 10 नालों को पूरी तरह बंद (टैप) कर दिया गया है। यानी उनका गंदा पानी सीधे नदी में नहीं जाता है। दिल्ली गेट और सेन नर्सिंग होम 2 नालों को आंशिक रूप से बंद किया गया है। नजफगढ़ और शाहदरा 2 बड़े नालों को पूरी तरह बंद करना मुश्किल है, लेकिन इनके नीचे आने वाले छोटे नालों का पानी इंटरसेप्टर सीवर प्रोजेक्ट से साफ किया जा रहा है या किया जाएगा। बाकी 8 नालों से अभी गंदा पानी बह रहा है। सोनिया विहार नाले को बंद बताया गया, लेकिन डीपीसीसी की जांच में दिसंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक पानी का बहाव देखा गया। इन नालों का पानी जल्द से जल्द सीवर या सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में भेजना जरूरी है। रिपोर्ट में दिल्ली के सीवेज सिस्टम पर रोशनी डाली गई है। दिल्ली में रोजाना 990 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी की सप्लाई होती है, जिससे 792 एमजीडी गंदा पानी निकलता है। डीजेबी के 37 एसटीपी चल रहे हैं, जिनकी कुल क्षमता 794 एमजीडी है लेकिन, ये सिर्फ 704 एमजीडी पानी ही साफ कर पा रहे हैं। यानी 88 एमजीडी गंदा पानी बिना साफ किए बह रहा है। अक्टूबर 2025 में 28 एसटीपी मानकों पर खरे उतरे, जबकि 9 नहीं। डीपीसीसी हर महीने एसटीपी की जांच करती है और डीजेबी को सुधार के लिए चिट्ठी भेजती है।

# दिल्ली डिवीजन में रेलवे ट्रैक होंगे बेहतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे की दिल्ली डिवीजन में बड़े पैमाने पर ट्रैक रखरखाव कार्य योजना है । दिल्ली डिवीजन में रोजाना 500 से अधिक यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियां गुजरती हैं, जिसके कारण ट्रैक पर भारी दबाव रहता है। इस वजह से दिल्ली सेक्शन और उससे जुड़ी लूप लाइनों पर कई महत्वपूर्ण ट्रैक सुधार काम होने जरूरी हैं। यह मेंटेनेंस न केवल ट्रैक को मजबूत करेगा, बल्कि ट्रेनों की गति बढ़ाने और डिरेलमेंट जैसे हादसों को भी काफी हद तक कम करेगा। उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल सबसे व्यस्त रेल सेक्शन है। यहां से प्रतिदिन दिल्ली-अंबाला, दिल्ली-सहारनपुर और देश के कई अन्य हिस्सों के लिए सैकड़ों यात्री और मालगाड़ियां गुजरती हैं। लंबे समय से उपयोग में आ रहे ट्रैकों पर लगातार बढ़ते दबाव के चलते कई स्थानों पर मरम्मत की आवश्यकता थी। पुराने फिटिंग्स, घिसे स्लीपर और ट्रैक पर जमे गाद के कारण ट्रेनों की गति पर भी प्रभाव पड़ रहा था। ऐसे में रेलवे का यह ट्रैक सुधार अभियान लाखों यात्रियों के लिए राहत की बात है।

परियोजना को पूरा करने की अनुमानित राशि करीब 5.27 करोड़ रुपये तय की गई है। इसके लिए निविदा भी आमंत्रित की गई है। यह कार्य 12 महीनों की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य है। अधिकारियों का दावा है कि नियमित ट्रैक मेंटेनेंस रेल दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी ला सकता है। पिछले कुछ वर्षों में ट्रैक संबंधी हादसों में कमी आई है, जो इसी तरह के रखरखाव प्रयासों का नतीजा है।

## खुद को भाजपा नेता बताकर फर्जीवाड़ा करने का प्रयास

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नाम और पहचान बताकर खुद को फर्जी रूप से भाजपा अध्यक्ष बताने का मामला सामने आया है। आरोपी ने उनके नाम और फर्जी पहचान की मदद से यूपी सरकार से लाभ लेने की कोशिश की। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि उसने लाभ प्राप्त किया या नहीं। हालांकि उस जालसाज के खिलाफ सेंट्रल जिले की साइबर पुलिस थाने में बीएनएस की धारा 319/336 के तहत मामला दर्ज किया है। यह शिकायत दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की तरफ से दी गई है। आरोपी लगातार उनके नाम और फर्जी तस्वीरों का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की कोशिश कर रहा था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को 11 दिसंबर को शिकायत मिली थी कि भाजपा के एक सीनियर नेता की फर्जी पहचान बनाई गई है।

# गैर-कानूनी शराब सप्लाई चेन का भंडाफोड़, सप्लायर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने गैर-कानूनी शराब सप्लाई चेन का पर्दाफाश कर एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 6,650 क्वार्टर गैर-कानूनी शराब और ट्रांसपोर्टेशन में इस्तेमाल दो गाड़ियां बरामद की है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 09 दिसंबर को टीम निहाल विहार इलाके में रात की गश्त और अंधेरी जगहों और पार्कों की चेकिंग के दौरान, टीम उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास पहुँची, जहाँ उन्हें एक जरूरी टिप मिली कि एक बोलेरो पिक-अप गाड़ी में सवार एक आदमी गैर-कानूनी शराब ले जा रहा है और वह 50 फुटा रोड, निहाल विहार के पास शराब पहुँचाने वाला है। इस टिप पर एसीपी ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित स्पेशल स्टाफ के नेतृत्व में टीम ने उक्त स्थान पर एक बोलेरो पिक-अप को देखा । कुछ देर बाद, एक स्कूटी सवार भी आया और गाड़ी के पास रुक गया। बोलेरो ड्राइवर ने भूरे रंग के बॉक्स उतारकर स्कूटी पर रखना शुरू कर दिया, तभी पुलिस टीम ने स्कूटी सवार को पकड़ लिया लेकिन बोलेरो पिक-अप ड्राइवर मौके से भागने में कामयाब रहा। पुलिस पुछताछ करने पर बाइक सवार की पहचान राजू के रूप में हुई।पुलिस ने तलाशी लेने पर 6,650 क्वार्टर (133 कार्टन) गैर-कानूनी शराब मिली, जिस पर सिर्फ हरियाणा में बिक्री के लिए लिखा था, जो साफ तौर पर बिना इजाजत के ट्रांसपोर्टेशन और दिल्ली के अंदर गैर-कानूनी तरीके से बांटने का शक दिखाता है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा के दौरा करते हुए।

# वॉल टू वॉल सड़कों का निर्माण फंड विधायकों को दिया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार राजधानी में प्रदूषण को प्रभावी और स्थायी रूप से नियंत्रित करने के लिए कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि धूल प्रदूषण को खत्म करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए दिल्ली में वॉल टू वॉल सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए विधायकों को विशेष रूप से करोड़ों रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए जनता की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। नागरिकों को धूल और धुएं को कम करने के लिए अपनी भूमिका समझनी होगी और उसके अनुरूप कदम उठाने होंगे।

मुख्यमंत्री ने यह जानकारी शाल. ीमार बाग विधानसभा के दौरे के दौरान दी, जहाँ उन्होंने सड़क निर्माण, नालों की मरम्मत, सीवर लाइन बिछाने, हाई मास्ट लाइटों की स्थापना, पार्कों के पुनर्विकास और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ाने में उड़ती धूल की बड़ी भूमिका है, इसलिए सड़कों के किनारों पर धूल को स्थायी रूप से नियंत्रित करने के लिए वॉल टू वॉल सड़कें एक प्रभावी समाधान हैं। उन्होंने विधायकों को निर्देश दिया है कि अपने क्षेत्र में सड़क बनाते या मरम्मत करते समय यह सुनिश्चित करें कि सड़कें वॉल टू वॉल तैयार हों। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट कहा कि यदि इस कार्य के लिए और फंड की आवश्यकता होगी तो वह भी तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा।मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदूषण को लेकर कोई गंभीर योजना नहीं बनाई और न ही सड़क निर्माण पर पर्याप्त ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने न सड़कों की उचित चौड़ाई सुनिश्चित की और न ही धूल नियंत्रण पर ध्यान दिया।

# छोटी सी बात पर कार सवार लड़कों ने युवक की चाकू गोदकर हत्या

- सीसीटीवी कैमरे में वारदात दिखाई दी
- आरोपी और मृतक व घायल सभी थे नशे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में एक छोटी सी बात पर कार सवार युवकों ने एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी,जबकि उसके दोस्त को गंभीर रूप से चाकू मारकर घायल कर दिया।

पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को वारदात वाली जगह के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में आरोपी दोनों को चाकू मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में हर वो गैर कानूनी चीज होती है। जो होनी चाहिए। सभी को पता है,मगर कोई इनके खिलाफ कार्यवाई नहीं करता है। आए दिन मंगोलपुरी और उसके आसपास के इलाके में नाबालिग किसी को भी कहीं पर भी पकड़कर चाकू गोदकर हत्या या फिर उसका घायल कर देते हैं। पुलिस पकड़ती है,तो कुछ महीने बाद बाल सुधार गृह से वापिस आकर दोबारा से वारदातों को अंजाम दिया करते हैं। कब किस मां की खोख उजड़ जाए,किसी को नहीं पता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात करीब एक बजे मंगोलपुरी पुलिस को एफ ब्लॉक,मदर डेयरी में दो युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी दूरी तक खून पड़ा हुआ था। पता चला कि अनिल और संजय को परिवार वालों ने नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने वारदात वाली जगह से क्राइम और फॉरेसिंक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनिल की हालत गंभीर बताई। शुक्रवार को डॉक्टरों ने अनिल को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। संजय की बहन पुष्पा ने बताया कि संजय की छाती में बीच में चाकू मारा गया था। संजय और अनिल दोस्त हैं। दोनों पप्पू सांसी नामक व्यक्ति के घर के बाहर बैठकर बातें कर रहे थे। उसी वक्त कार से युवक आए। एक युवक ने कार से उतरकर पहले अनिल को थप्पड़ मारा और चाकू मार दिया। जबकि संजय के बाल पकडकर उसको घसीटा और ऑटो के पास ले जाकर चाकू गोद दिया।

पूरी वारदात वहीं पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में साफतौर दिखाई दी। परिवार वालों ने कई बार पीसीआर कॉल की। बाद में संजय की हालत देखकर उसको ऑटो से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उन्होंने परिवार में माता पिता की मौत हो चुकी है। संजय बेरोजगार था। परिवार में 4 और भाई और 1 बहन है। सिर्फ 3 भाई शादीशुदा हैं, और 1 भाई और वह और बहन अविवाहित हैं। अनिल के भाई संजीव ने बताया कि रात को परिवार सो रहा था। उसी वक्त अनिल आया। जिसकी कमीज पर खून लगा था। पता चला कि उसके बाहर किसी ने चाकू मारा है। उसको तुरंत अस्पताल ले गए थे। वह भी बेरोजगार है। उसके पेट के साइड एरिया में चाकू मारा गया था। उसका ऑपरेशन हो गया है और अब उसकी हालत स्थिर है।

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि संजय और अनिल दोनों बहुत ज्यादा नशे में थे और सडक किनारे बैठे थे, तभी एक इको वैन आई, दो लडके शराब के नशे में थे। दोनों नीचे उतरे, उनका किसी बात को लेकर दोनों से झगड़ा हो गया। हमलावर ने दोनों को चाकू मार दिया।

# बदरपुर में खोली जाए एम्स की नई शाखा : बिधूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एम्स के लिए जमीन की कमी की गंभीर समस्या का हल सुझाया है। उन्होंने लोकसभा में सुझाव दिया है कि बदरपुर के पावर हाउस की खाली पड़ी लगभग 400 एकड़ जमीन पर एम्स का नया अस्पताल खोला जाए। उन्होंने इस खाली पड़ी जमीन पर कॉलेज और स्टेडियम बनाने की मांग भी सरकार से की है और वहां चल रहे केंद्रीय विद्यालय को जारी रखने का आग्रह किया। आज लोकसभा में यह मामला उठाते हुए बिधूड़ी ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स दिल्ली का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित अस्पताल है लेकिन इस अस्पताल को अब जमीन की कमी के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि अस्पताल में कई विभागों के लिए अब स्थान उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को एम्स में इलाज के लिए सालों इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल मरीजों की इस भीड़ को झेलने में भी असमर्थ हो चुका है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ तो एम्स में जमीन का अभाव है और दूसरी तरफ बदरपुर में एनटीपीसी के बंद हो चुके पावर हाउस की लगभग 400 एकड़ जमीन सरकार के पास उपलब्ध है।

## मेट्रो में चोरी करने वाली चार महिला चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में सक्रिय एक महिला चोर गैंग को राजा गार्डन मेट्रो थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शादीपुर मेट्रो स्टेशन पर पकड़ी गई चारों महिलाओं के पास से पुलिस ने चोरी किए गए सोने की जूलरी और नकदी बरामद की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान कोमल (22), नेहा (22), योगिता (22), और गीता (45) के रूप में हुई है। गीता गिरोह की सरगना है और उस पर पहले से कई मामले दर्ज है। मेट्रो डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि रेवाड़ी निवासी विवेकानंद ने मेट्रो पुलिस को चोरी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह चार दिसंबर को मेट्रो से यात्रा कर रहे थे। आरके आश्रम स्टेशन के पास उनका पर्स चोरी हो गया। पीड़ित ने बताया उनके पर्स में सोने की चेन, सोने की बालियां, चांदी की अंगूठियां और 20 हजार रुपये थे।



समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए।

# समाज कल्याण मंत्री ने की घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/ एसटी/ ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने इन समुदायों के बेहतर जीवन स्तर व उनके सशक्तिकरण को लेकर अपने सुझाव सौंपे। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार इन समुदायों के नायकों के महान योगदान को सम्मान देने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर हुए राज्यस्तरीय आयोजन की तरह ही अब बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती पर भी भव्य आयोजन को लेकर सरकार विचार कर रही है। सरकार ऐसे नायकों से जुड़े जो भी सुझाव आयेंगे, उनका स्वागत करेगी। बाबा लखी शाह व्यापारी होने के साथ ही सिविल कॉन्ट्रैक्टर, ट्रांसपोर्टर और महान समाजसेवक भी थे। उन्होंने लाखों लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने दिल्ली में रायसीना, नरेला, बारहखंभा और मालचा जैसे गाँव बसाये।

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के ससम्मान अंतिम संस्कार के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के लिए भी बाबा लखी शाह बंजारा को याद किया जाता है। प्रतिनिधियों ने समाज कल्याण मंत्री से दिल्ली में विमुक्त, घुमंतू (एनटी) और अर्ध-घुमंतू (एसएनटी) समुदायों के अधिकारों और कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

# एनडीएमसी का विशेष धूल नियंत्रण अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**नई दिल्ली क्षेत्र में स्वच्छता स्तर को मजबूत करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने गुरुवार को अपने चुनिंदा आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में विशेष धूल-नियंत्रण तथा गहन सफाई अभियान चलाया। यह अभियान बड़े पैमाने पर संयुक्त प्रयास के रूप में संचालित किया गया, जिसमें परिषद के स्वच्छता, बागवानी तथा नागरिक अभियंत्रण विभागों ने मिलकर भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान परिषद की टीमों ने मशीनों की सहायता से सड़कों और गलियों की सफाई की, साइड चौनलों से जमाव हटाया, आवश्यक मरम्मत कार्य किए तथा हरित क्षेत्रों के रखरखाव हेतु ब्लोअर मशीनों का उपयोग किया। इन सभी कदमों का मुख्य उद्देश्य धूल से उत्पन्न प्रदूषण को नियंत्रित करना और क्षेत्र की समग्र पर्यावरणीय स्थिति को बेहतर बनाना रहा।

विशेष सफाई अभियान में काका नगर, पश्चिम किदवई नगर, जोर बाग, सीपीएच कॉलोनी तथा शाहजहां रोड स्थित अधिकारियों के आवासों सहित कई प्रमुख आवासीय कॉलोनियों को शामिल किया गया। परिषद ने इन क्षेत्रों में सड़क, पार्कों के आसपास, सार्वजनिक परिसरों तथा संवेदनशील मार्गों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया।

इसके अतिरिक्त अनेक सर्किल क्षेत्रों में भी गहन सफाई कार्य किए गए। इसमें काका नगर (लाइब्रेरी क्षेत्र), पश्चिम किदवई नगर, सीपीएच क्वार्टर, ए एवं बी बंगला क्षेत्र, शाहजहां रोड, कॉनॉट प्लेस, केजी मार्ग से टॉल्स्टॉय मार्ग, बाराखंभा मार्ग से टॉल्स्टॉय मार्ग, मौलाना आजाद मार्ग (अकबर रोड से जनपथ तक), जोर बाग कॉलोनी, जी एवेन्यू रोड तथा केंद्र सरकार कर्मचारी आवासों की डिवाइडिंग रोड, बीकेएस मार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग सम्मिलित रहे।

एनडीएमसी ने कहा है कि राजधानी आने वाले नागरिकों और यहां निवासरत लोगों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। परिषद का मानना है कि सम्मिलित प्रयासों से न केवल क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि वायु की गुणवत्ता में सुधार भी प्रभावी रूप से सामने आएगा।

# वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर भव्य आयोजन, केंद्रीय मंत्री व सांसद हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर मैट्रिक्स सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज द्वारा राजधानी स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब के मावलंकर सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वाजपेयी के आदर्शों, उनके नेतृत्व और राष्ट्र सेवा में किए गए योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। इस कार्यक्रम को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन मंत्री और भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा, उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बिहार के महाराजगंज से सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवम सिरोही जलौर राजस्थान के सांसद लुम्बा राम , वरिष्ठ भाजपा नेता गोविन्द अवस्थी एवं पुष्कल तिवारी, दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष एवं मेम्बर




एनडीएमसी दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों का शॉल, पुष्पगुच्छ और अटल जी की तस्वीर/मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। इसमें मनोज कुमार प्रॉक्टर दिल्ली विश्ववद्यालय तथा वरिष्ठ पत्रकार अवधेश कुमार भी मौजूद थे। इन सभी उपस्थित गणमान्य अतिथयों ने अटल जी के सम्बन्ध में आपने विचारों से अवगत कराया एवं देश के जानेमाने संत एवं समाज सुधारक श्री दीपांकर जी महराज भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे।

मुख्य अतिथियों ने मैट्रिक्स सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज और डॉ. राजेश कुमार सिंह संस्था अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि अटल जी का जीवन पथ हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचार आज भी देश को दिशा दिखाते हैं।वक्ताओं ने वाजपेयी की कविताओं, उनके दूरदर्शी नेतृत्व और विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की उनकी नीति पर प्रकाश डाला। आज के कार्यक्रम में देश के जानेमाने कवियों ने अटल जी पर कविताओं द्वारा समां बांध दिया। मैट्रिक्स संस्था के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टाफ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। हजारो की तादात में इस कार्यक्रम में लोग उपस्थित थे।

## पर्सनैलिटी राइट्स को लेकर पवन कल्याण भी पहुंचे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोशल मीडिया कंपनियों से सात दिनों के भीतर आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पवन कल्याण की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने अपने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा की मांग की थी। पवन कल्याण की भी याचिका पर न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने अजय देवगन की याचिका पर दिए गए आदेश के आधार पर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई करने का आदेश दिया। अदालत ने पवन कल्याण को सभी विवादित कंटेंट की सूची देने के लिए कहा है।

# तापमान में गिरावट, दो दिन में और गिर सकता है पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कल से कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके साथ ही कोहरा बढ़ने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है, उसके बाद तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। उसके बाद तापमान सामान्य रहने की संभावना है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य और उसके बाद सामान्य से कम रहने की संभावना है। अगले दो दिनों के दौरान आसमान मुख्यत: साफ रहेगा और उसके बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अगले तीन दिनों तक सुबह के समय हल्का कोहरा और उसके बाद के दो दिनों तक मध्यम कोहरा रहने की संभावना है।

शुक्रवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक बनी हुई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। इसी बीच अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 1 डिग्री कम रहा।

# इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट कार्यक्रम में पहुंचे केबिनेट मंत्री

## जनपद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगी ये पहलः मंत्री सुरेश खन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट-2025 के तहत न्यू ग्रोथ इंजन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य जिले में निवेश और विकास को नई गति देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने किया।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह पहल हापुड़ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनेगी। उन्होंने बताया कि सरकार हर जिले को उद्योग, व्यापार और रोजगार के व्यापक अवसरों से जोड़कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना चाहती है। मंत्री सुरेश खन्ना ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन निवेशकों के लिए नए द्वार खोलते हैं और युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीतियों का सकारात्मक असर अब जिले में दिखाई देने लगा है और हापुड़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। प्राधिकरण द्वारा जिले में कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। बाबूगढ़ में हरिपुर आवासीय योजना और गढ़मुक्तेश्वर में गंगा धाम योजना कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही आनंद विहार में 40 करोड़ की लागत से एक अत्याधु. निक ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। जिले में बिल्डरों और निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में जमीन महंगी होने से निवेशक



हापुड़ की ओर रुख कर रहे हैं। हापुड़ की मजबूत कनेक्टिविटी हाईवे 9, हाईवे 334, मसूरी-पेरिरल लिंक और गंगा एक्सप्रेसवे भी इसे निवेश के लिए उपयुक्त बना रही है। कार्यक्रम में डीएम अभिषेक पांडेय, विधायक विजयपाल आढ़ती, विधायक हरेंद्र तेवतिया, प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़, एएसपी विनीत भटनागर सहित अनेक अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

# गोली लगते ही ढेर हुआ कुख्यात शहजाद, साथी अंधेरे में फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी शहजाद पुलिस की जवाबी गोलीबारी में घायल होकर दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला। पकड़ा गया बदमाश कई लूट और चोरी की वारदातों में वांछित बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, नगर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट अपनी टीम के साथ मोदीनगर रोड से श्याम नगर मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। रोकने पर दोनों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार, बदमाशों की नीयत पुलिस कर्मियों को नुकसान पहुँचाने की थी। रेलवे लाइन के पास मुठभेड़ छिड़ गई, जिसमें पुलिस की जवाबी कार्रवाई



से एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। घायल की पहचान शाहिद उर्फ शहजाद पुत्र यामिन, निवासी करीमपुर, बुलंदशहर रोड के रूप में हुई है। उसका साथी अंधेरे में फरार हो गया। घायल शहजाद के पास से पुलिस ने तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, चांदी के सिक्के, पायल, नकदी और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शहजाद पर करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह एक शातिर अपराधी माना जाता है। शुरुआती पूछताछ में उसने आदर्शनगर कॉलोनी के दो घरों में हाल ही में चोरी करने की बात स्वीकार की। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि फरार बदमाश की तलाश में पूरी रात सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# सड़क पार कर रहे मज़दूर को कार ने मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 पर शुक्रवार सुबह सड़क पार कर रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हाईवे पर जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस टीम को मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार, बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छपकौली निवासी नौशाद रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह निर्माणाधीन पुलिस लाइन में मजदूरी करने जा रहा था। हाईवे पार करने के दौरान अचानक एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर



मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नौशाद सड़क पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने नौशाद को मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही नौशाद के घर कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हाईवे पर धरने पर बैठ गए। उनकी नारा. जगी बढ़ती देख सड़क पर जाम की स्थिति बन गई, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को समझाया और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। काफी कोशिशों के बाद भीड़ शांत हुई और यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है, जबकि कार चालक फरार बताया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। चालक की तलाश में टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अंडे के ठेले पर गैस सिलेंडर फटने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदर गेट चौकी के पास शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ठेले पर रखा घरेलू गैस सिलेंडर अचानक आग की लपटों में घिर गया। कुछ ही सेकंड में आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया। अचानक हुए इस विस्फोट से आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और सड़क पर भगदड़ की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ठेले के आसपास कई लोग मौजूद थे, जो रोज की तरह सामान खरीद रहे थे। तभी सिलेंडर से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क उठी। इससे पहले कोई स्थिति को समझ पाता, सिलेंडर धमाके की



तेज आवाज के साथ फट गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि सिलेंडर के टुकड़े उड़कर पास की इमारतों, दुकानों और घरों की छतों तक जा पहुंचे। कई स्थानों पर दीवारों और टिन की शेडों पर सिलेंडर के टुकड़े गिरने से नुकसान भी देखने को मिला। धमाके के बाद इलाके में चिल्ल-पों मच गई। दुक. ानें जल्दबाजी में बंद कर दी गईं और कई लोग अपने घरों की ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर खड़ा किया और आसपास की दुकानों को भी खाली कराया। इसी बीच दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। फायर फाइटर्स ने तेजी से मोर्चा संभालते हुए आग पर पानी की बौछारें डालीं और कुछ ही समय में आग को नियंत्रित कर लिया। धमाके ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। लोग दहशत में काफी देर तक घटना स्थल के आसपास जमे रहे और एक-दूसरे से जानकारी लेते रहे। हालांकि राहत की बात यह रही कि विस्फोट में किसी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सिलेंडर में आग लगने की घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को प्रतिक्रिया देने का मौका ही नहीं मिला। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आग पर काबू पाने और बड़े हादसे को टालने में पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता अहम साबित हुई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# मोनाड यूनिवर्सिटी में विवादित व्यक्ति की नियुक्ति पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय में ग्रुप निदेशक पद पर की गई नई नियुक्ति को लेकर शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में नाराज़गी बढ़ गई है। कर्मचारियों ने कुलसचिव को भेजे पत्र में कहा कि 12 दिसंबर को जारी आदेश के तहत डा. सौरभ कंवर की नियुक्ति की गई है, जबकि उनके पूर्व कार्यस्थल से जुड़े गंभीर मामले अभी जांच के दायरे में हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विवादित पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को उच्च पद पर बैठाना छात्राओं की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं पढ़ती हैं और बालिका सुरक्षा अभियान भी संचालित है, ऐसे में यह नियुक्ति परिसर के सुरक्षित माहौल को प्रभावित कर




सकती है। पत्र में पुराने प्रकरणों और लंबित जांचों का जिक्र करते हुए कर्मचारियों ने नियुक्ति को असंगत बताया है। उन्होंने मांग की है कि नियुक्ति आदेश तत्काल वापस लिया जाए और डा. कंवर के परिसर में प्रवेश पर रोक लगाई जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि समाधान न मिलने पर प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# आईएएस-पीसीएस कोचिंग सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडेय ने शुक्रवार को निजामपुर स्थित आईएएस-पीसीएस कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, सुविधाओं और अध्ययन व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने पानी की कमी, किताबों की उपलब्धता, प्रिंटआउट मशीन, साफ-सफाई व्यवस्था और डिजिटल क्लासेस से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। डीएम ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तैयारी के लिए बेहतर वातावरण आवश्यक है



और प्रशासन इसका पूरा ध्यान रखेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं ताकि उनकी तैयारी में कोई बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान कोचिंग स्टाफ ने भी केंद्र की व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी साझा की। डीएम ने समग्र सुधार का आश्वासन देते हुए कहा कि छात्रों के हित में हर संभव कदम उठाया जाएगा।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल करने के 11 साल पुराने मामले में दोषी को सजा

**हापुड़।** एसपी के निर्देशन में हापुड़ पुलिस की प्रभावी पैरवी का बड़ा असर देखने को मिला है। वर्ष 2014 में सड़क दुर्घटना में व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपी प्रवीन कुमार को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और 3,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला 11 वर्ष पुराना है। वर्ष 2014 में आरोपी प्रवीन कुमार ने अपने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद थाना हापुड़ देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी प्रवीन कुमार पुत्र सहीराम निवासी मुजफ्फा बागडपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर साक्ष्य जुटाए और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी के जुर्म स्वीकार करने के आधार पर उसे दोषी ठहराया और सजा सुनाई।

### विवाह समारोह से लौटते समय अचानक गिरा व्यापरी, दोस्त ने सीपीआर देकर बचाई जान

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला कलेक्टर गंज में गुरुवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब अचानक तबीयत बिगड़ने पर स्टेशनरी कारोबा. री की जान उनके ही मित्र ने समय रहते सीपीआर देकर बचा ली। व्यापारी की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर गंज निवासी व्यापारी राजीव कुमार अपने मित्र धीरज चुग के साथ एक विवाह समारोह से वापस लौट रहे थे। जैसे ही दोनों कार से उतरकर घर की ओर बढ़े, राजीव कुमार अचानक जमीन पर गिर पड़े। उनकी सांसों की रफ्तार तेज़ी से कम होने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। स्थिति को गंभीर होते देख धीरज चुग ने तुरंत सूझबूझ का परिचय देते हुए राजीव को लगातार लगभग 30 सेकंड तक सीपीआर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सीपीआर देने के कुछ ही क्षण बाद राजीव की सांसें धीरे-धीरे सामान्य होने लगीं। इसी बीच स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाई गई और राजीव कुमार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर देखभाल के लिए मेरठ के एक हायर सेंटर में रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, राजीव कुमार अब पूरी तरह खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। घटना के बाद मोहल्ले में धीरज चुग की त्वरित कार्रवाई और समझदारी की खूब सराहना की जा रही है। परिवार ने भी धीरज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सही समय पर सीपीआर नहीं दिया जाता, तो स्थिति गंभीर रूप ले सकती थी।

### अंतर्राज्यीय चोर से छह चोरी की मोटरसाइकिल बरामद




**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने एक अंतर्जनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से छह चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई हैं। थाना रिफाइनरी पुलिस ने मध्यरात्रि को एनएच 19 बाद रेलवे पुल के पास पुरानी बिल्डिंग के पास से मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त सचिन पुत्र दशरथ निवासी साधन थाना अछनेरा जनपद आगरा को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर अभियुक्त के कब्जे से 6 मोटरसाइकिल बरामद कीं। मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स जिसके सम्बन्ध में थाना रिफाइनरी पर तथा मोटरसाईकिल स्पलेन्डर प्लस रंग ब्लैक ग्रे जिसके सम्बन्ध में थाना सादाबाद जिला हाथरस में मुक. दमा पंजीकृत है। मोटरसाइकिल स्पलेन्डर प्लस जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली मथुरा पर, मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स जिसके सम्बन्ध में थाना हाईवे मथुरा पर, मोटरसाइकिल स्पलेन्डर जिसके सम्बन्ध में थाना जगदीशपुरा आगरा पर, मोटरसाइकिल स्पलेन्डर जिसके सम्बन्ध में थाना चिकसाना भरतपुर, राजस्थान पर अभियोग पंजीकृत है तथा बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

# एटीएम अपडेट का झांसा देकर महिला से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र केग्राम गालंद में एक महिला के साथ एटीएम चालु कराने के नाम पर की गई ठगी का मामला कोतवाली में पहुंचा है।

पीड़िता रेखा गोयल ने तहरीर में बताया कि दो दिसंबर को एक अज्ञात युवक उनके घर आया और खुद को बैंक का एजेंट बताते हुए कहा कि उनका एटीएम काफी समय से ब्लॉक है, जिसे चालु कराने के लिए वह आया है। भरोसा दिलाने के बाद उसने उनका मोबा. इल लेकर उसमें मौजूद खाता सम्बन्धी विवरण हासिल कर लिए और सभी संदेश भी मिटा दिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ग्यारह दिसंबर को फिर आया और एटीएम चालु होने की बात कहकर पुनः उनका मोबाइल कुछ समय के लिए अपने पास रख लिया। उसके जाने के कुछ देर बाद उन्हें शंका हुई, जिसके बाद पता चला कि आरोपी ने उनके मोबाइल की सहायता से उनके खाते पर लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का लोन स्वीकृत कराकर लिंक अपने पास स्थानांतरित कर लिया है। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और मोबाइल डाटा के आधार पर आरोपी की पहचान की कोशिश जारी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह का कहना है कि पीड़िता द्वारा बताई गई सभी परिस्थितियों की पुष्टि के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 14 दिसंबर की महारैली को लेकर कांग्रेसियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने पदा. धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि 14 दिसंबर को जननायक राहुल गांधी की अगुवाई में दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक महारैली आयोजित होने जा रही है, जिसमें देशभर से कांग्रेसजन भारी संख्या में पहुंचेंगे।



उन्होंने कहा कि जनपद हापुड़ से सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक इस रैली का हिस्सा बनेंगे। जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि रविवार, 14 दिसंबर की सुबह 7 बजे सभी कार्यकर्ता दिल्ली रोड स्थित भैरों मंदिर के पास जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हो जाएं, जहां से सामूहिक रूप से रैली के लिए प्रस्थान किया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक गजराज सिंह, डा. फराहीम, रवींद्र गुर्जर, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, जकरिया मनसबी, राजेंद्र सिंह गुर्जर, जितेंद्र नागर, बिजेंद्र त्यागी, ओमवीर नागर, हरीश गर्ग, बॉबी त्यागी, अनुज कुमार एडवोकेट, अनूप कर्दम सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक ही रात में 12 नलकूपों से मोटर व उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में बीती रात हुई बड़े पैमाने की चोरी ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक ही गांव के अलग-अलग हिस्सों में स्थित 12 नलकूपों को निशाना बनाते हुए कूमल तोड़कर मोटर, तार और महत्वपूर्ण उपकरण उखाड़ लिए। सुबह जब किसान रोज़ की तरह खेतों में पहुंचे तो टूटे कूमल और खाली पड़े स्थलों को देखकर दंग रह गए।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के किसान सिंचाई के लिए खेतों की ओर निकले ही थे कि नलकूपों के पास बिखरा सामान और चोरी की गई मोटरों का पता चला। थोड़ी ही देर में पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। इस चोरी से जिन किसानों को नुकसान पहुंचा है उनमें विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्यागी उर्फ मोनू, प्रमोद शर्मा, बब्बन शर्मा सहित कुल 12 किसान शामिल हैं। सभी के नलकूपों से चोरों ने मोटरें निकाल ले जाने के साथ अन्य सामान भी साफ कर दिया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यह वारदात किसी सक्रिय और संगठित गिरोह द्वारा की गई है, जो लंबे समय से क्षेत्र में नलकूप-मोटर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। चोरों ने रात के अंधेरे में कई खेतों में पहुंचकर सुनियोजित तरीके से कूमल तोड़े और उपकरण निकाल ले गए, जिससे उनके पेशेवर होने का संकेत मिलता है। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और



घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। किसानों के बयान दर्ज किए गए और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि किसानों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के लिए टीम बना दी गई है। बहुत जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा और दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

# नाबालिग से कुकर्म मामले में वर्ष 2023 से फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने नाबालिग के साथ कुकर्म करने के गंभीर मामले में वर्ष 2023 से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरा. ेपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

धौलाना थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी और फरार चल रहे आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने नाबालिग से कुकर्म के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी हाजी अकील पुत्र जलील निवासी सादीपुर छिडौली, थाना बादलपुर, जनपद गौतमबुद्धनगर, हाल पता ग्राम शेखपुर खिच्चरा, थाना धौलाना, हापुड़ को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हाजी अकील वर्ष 2023 में नाबालिग के साथ कुकर्म करने की घटना के बाद से फरार था और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने उसे दबिश देकर पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# रोडवेज बस में 70 किलो गांजा पकड़ा

## जयपुर से हरिद्वार जा रही थी बस, दौराला पुलिस व नारकोटिक्स टीम को मिली सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** शुक्रवार की सुबह दौराला पुलिस व नारकोटिक्स टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब जयपुर से हरिद्वार जा रही रोडवेज बस में पुलिस ने इनवर्टर के डिब्बो मैं 70 किलो गांजा बरामद लिया जिसकी कीमत 37 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं मौके से रविंद्र कश्यप उर्फ भुरा पुत्र सुनील कश्यप वार्ड 13 ब्रह्मपुरी मोहल्ला दौराला व उसके साथी अकदस पुत्र अबदुस मुहर्रम पुत्र मुक. रेम सादिक पुत्र तालिब निवासी मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। उनके पास से 70 किलो गांजा बरामद किया है। यह गांजा उड़ीसा से सादा माचा से खरीद कर लाया गया है। इस गांजे को क्षेत्र के आसपास इलाकों में सप्लाई किया जाता था अरविंद कश्यप पहले भी शराब तस्करी व गांजा तस्करी में जेल जा चुका है दौराला पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालो पर अंकुश लगेगा।



## प्रेमी के साथ पकड़ी गई महिला जमकर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र एक गांव में गुरूवार देर रात्रि एक महिला के साथ प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ, मौके से प्रेमी फरार हो गया। युवक के परिजनों ने महिला के परिजनों को अवगत कराया, जिसके बाद देर रात तक गांव में पंचायतों का दौर चलता रहा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरूवार देर रात्रि दूसरे जिला का युवक अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा। परिजनों ने देर रात्रि में युवक को महिला के साथ आपत्तिजनक हालात में पकड़ लिया। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों ने पकड़े गए युवक को जमकर पीटा, देर रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से युवक भाग खड़ा हुआ। सूचना की जानकारी मिलते ही गांव में पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई, इस प्रकरण में पूरे दिन गांव में पंचायतों का दौर चलता रहा है। वहीं परिजनों का कहना था कि महिला काफी समय से इस युवक के संपर्क में है लोगों में अलग-अलग चर्चा है।

# समाजवादी पार्टी ने भी दिया हाईकोर्ट बेंच की मांग को समर्थन

## वकीलों की मांग जायज, 17 को बंद में साथ रहेगी सपा: कर्मवीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग कई दशकों से की जा रही है लेकिन आज तक पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता कि यह न्याय संगत मांग पूरी नहीं हो सकी। समय-समय पर वकील अपनी इस मांग को लेकर सड़कों पर मौजूद रहे। सरकारे आई और गई लेकिन किसी सरकार ने वकीलों की इस मांग पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन इस बार पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता आर पार की लड़ाई का मूड बना चुके हैं और वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर अब लामबंद हो चुके हैं।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने भी वकीलों की मांग को जायज बताया और 17 दिसंबर को अधिवक्ताओं द्वारा मेरठ बंद के ऐलान के बाद सपा ने भी उन्हें अपना समर्थन पत्र दे दिया है जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग बहुत पुरानी है जनता को सस्ता और सुलभ व न्याय दिलाने के लिए यहां पर हाई कोर्ट बेंच बेहद जरूरी है इसीलिए उन्होंने समाजवादी पार्टी की तरफ से अधिवक्ताओं को समर्थन पत्र दिया है। उन्होंने हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजय शर्मा व संयोजक राजेंद्र राणा के आंदोलन की सराहना की और कहां की समाजवादी पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई में साथ रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष के साथ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता इकराम बलियान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सेना के जवान की अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, मौत

- बीकानेर में था तैनात
- पत्नी ने मिलने जा रहा था जिला बागपत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मेरठ बागपत हाईवे पर आए दिन बड़े हादसे होते रहते हैं इसकी वजह है स्पीड ब्रेकर का न होना। रघुनाथपुर कुराली जानी पाचली जेसे आबादी वाले गांव से तेज रफ्तार में वाहन गुजरते हैं जिससे यह हादसे हो रहे हैं। राज्य व केंद्र सरकार सड़क बनाने में पैसा खर्च कर रही है लेकिन कुछ अधिकारियों के कान पर जुं नहीं रेंग रही है। शुक्रवार को बागपत हाईवे स्थित कुराली सांई मंदिर के पास भारतीय सेना के जवान की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खाई में गिर गई जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रें के मुताबिक हजरतपुर थाना खुर्जापुर जिला बुलंदशहर निवासी राहुल पुत्र जगबीर भारतीय सेना में है और उसकी पोस्टिंग राजस्थान के बीकानेर में है और उनकी पत्नी प्रीति यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर बागपत में तैनात है। शुक्रवार की सुबह राहुल मेरठ से अपनी पत्नी से मिलने जा रहा था जैसे ही वह बागपत रोड कुराली गांव साई मंदिर स्थित पहुंचा तो सामने से आ रही एक वाहन को बचाने के चक्कर में उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकराकर खाई में जाकर पलट गई टक्कर इतनी जबदस्त थी की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को खाई से निकाला। फॉरेंसिक टीम व पुलिस जांच कर रही है। जवान की मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में को. हराम मच गया घटनास्थल पर पहुंची पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल था।

# शोभित यूनिवर्सिटी में पावर बीआई पर तीन दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग द्वारा एडुनेट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित पावर बीआई पर तीन दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का सफल समापन हुआ।

इस तीन दिवसीय सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डेटा एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस की गहराइयों से परिचित कराना था। वर्तमान कॉर्पोरेट जगत में डेटा विजुअलाइजेशन की अनिवार्यता को देखते हुए, यह आयोजन छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने और उन्हें औद्योगिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और संसाधन व्यक्ति धनंजय तोमर ने तीन दिनों तक चले इस सत्र में छात्रों को पावर बीआई के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर उन्नत तकनीकों तक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने डेटा मॉडलिंग, इंटरैक्टिव डैशबोर्ड निर्माण और रिपोर्टिंग की प्रक्रियाओं को व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से समझाया। तोमर ने जोर दिया कि कैसे सही डेटा विश्लेषण से किसी भी व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के प्रोफेसर निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एडुनेट फाउंडेशन के साथ यह सहयोग और इस तरह की निरंतर कार्यशालाएं छात्रों को वैश्विक तकनीकी मानकों के अनुरूप ढालने में सहायक हैं। तीनों दिन छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से भारी उत्साह के साथ भागीदारी की। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इन तीन दिनों में उन्होंने डेटा को देखने और समझने का एक नया तकनीकी नजरिया हासिल किया है। इस आयोजन के समन्वयक अविनव पाठक एवं सुश्री शिवांगी शर्मा ने कार्यशाला के समापन पर कहा कि माइक्रोसॉफ्ट का यह टूल छात्रों को भविष्य के लिए इंडस्ट्री-रेडी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने छात्रों की निरंतर जिज्ञासा और सीखने की ललक की सराहना की। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन में छात्र समन्वयकों की टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में क्षितिज राज, सिद्धार्थ चौहान, अनुज कुमार, हार्दिक भाटी और प्रखंड प्रताप सिंह शामिल थे, जिन्होंने पूरे तीन दिनों तक तकनीकी प्रबंधन और छात्रों के समन्वय में विशेष योगदान दिया। अंत में, सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र देने की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और रिसोर्स पर्सन धनंजय तोमर का विशेष आभार व्यक्त किया गया।



## गवर्नमेंट इंटर कॉलेज जड़ौदा के छात्रों ने सीसीएसयू के इतिहास विभाग का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शुक्रवार को गवर्नमेंट इंटर कॉलेज जड़ौदा किठौर मेरठ जनपद के विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के इतिहास विभाग स्थित स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचीन भारत के इतिहास से संबंधित संजोकर रखी हुई वस्तुओं को देखा और उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की। 1857 की महाक्रांति के क्रांतिकारियो एवं उसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन के नायको के बलिदान और उनके योगदान से संबंधित गैलरी को भी देखा। स्वतंत्र भारत के संविधान के निर्माण में योगदान देने वाली महिला स्वतंत्रता सेनानियों के संबंध में भी गहराई से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर विनेश कुमार, डाक्टर कुलदीप कुमार त्यागी, डाक्टर योगेश कुमार, डाक्टर मनीषा, डाक्टर शालिनी, प्रज्ञा आदि सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाडियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 02417/02418 प्रयागराज - नई दिल्ली - प्रयागराज विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 02417 आगमन | गाड़ी सं. 02417 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02418 आगमन | गाड़ी सं. 02418 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:20 | प्रयागराज | 04:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: **02417 प्रयागराज** से दिनांक 14.12.2025 को और **02418 नई दिल्ली** से दिनांक 13.12.2025 एवं 15.12.2025 को।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 आगमन | गाड़ी सं. 04081 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04082 आगमन | गाड़ी सं. 04082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 12:00 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

चलने के दिन: **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 13.12.2025 को एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 13.12.2025 और 14.12.2025 को
ठहराव: पानीपत जं., कुरूक्षेत्र जं., अंबाला छावनी, लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी, शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
स्थान: वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04062/04061 दिल्ली सराय रोहिल्ला - साबरमती - दिल्ली सराय रोहिल्ला विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04062 आगमन | गाड़ी सं. 04062 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04061 आगमन | गाड़ी सं. 04061 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 23:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | साबरमती | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: **04062 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से दिनांक 21, 24, 27 एवं 30.12.2025 को और **04061 साबरमती** से दिनांक 22, 25, 28 एवं 31.12.2025 को।
ठहराव: दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर जं., बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, आबू रोड एवं पालनपुर जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 08403/08404 पुरी - दिल्ली जं. - भुवनेश्वर विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 08403 आगमन | गाड़ी सं. 08403 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08404 आगमन | गाड़ी सं. 08404 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:45 | पुरी | ---- | ---- |
| 13:30 | 13:35 | भुवनेश्वर | 06:30 | ---- |
| 20:30 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 23:00 |

चलने के दिन: **08403 पुरी** से दिनांक 15.12.2025 को और **08404 दिल्ली जं.** से दिनांक 16.12.2025 को।
ठहराव: खोरधा रोड (केवल रेलगाड़ी संख्या 08403 के लिए), भुवनेश्वर, कटक जं., जाजपुर केन्द्रुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, जालेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा, आद्रा जं., नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमोह, पारसनाथ, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।
स्थान: वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## तीनों प्रमुख न्यायधीशों ने लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला जज अनुपम कुमार, डीएलएसए सचिव रमेश कुशवाहा और नोडल अधिकारी असलम सिद्दीकी ने बीते सप्ताह अधिकारी और अधिवक्ताओं के साथ कई दौर की वार्ता की जिससे लगता है कि आज होने वाली लोक अदालत काफी सफल होने जा रही है। जिला जज अनुपम कुमार के अनुसार बैंको और बिजली विभाग से संबंधित रिकवरी वादों में बहुत अच्छे परिणाम आने की संभावना है। इसके अलावा तीनों परिवार न्यायधीश आपसी सुलह के आधार पर पारिवारिक समझौते कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं एमएसीटी से बड़ी संख्या में मामलों के समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया है। वहीं सिविल मामलों के न्यायधीश भी वादों को आपसी समझौतों के आधार पर सुलह कराने के लिए प्रयासरत है। वसूल होने वाला जुर्माना भी रहेगा।

# कार्यकर्ताओं की वजह से भाजपा का बूथ सबसे मजबूतः संगीत सोम

## भाजपा नेता ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश, चुनावी चर्चा पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भाजपा से सरधना सीट के पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम ने शुक्रवार को पूरे नगर में एसआईआर सर्वेक्षण के दौरान हेल्प डेस्क लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा भाजपा का बूथ सबसे मजबूत कार्यकर्ताओं की वजह से ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए 2027 विधानसभा चुनाव के लिए मंथन भी किया। शुक्रवार को सरधना सीट से भाजपा के दो बार लगातार विधायक रहें ठा. संगीत सोम के नेतृत्व में नगर के सभी वार्डो में हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया।

जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एसआईआर सर्वेक्षण पुनरीक्षण व नए मतदाताओं को मतदान सूची में दर्ज करने पर जोर दिया गया। इस दौरान ठा. संगीत सोम ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की वजह से भाजपा पार्टी अपने सभी बूथों पर मजबूती से चुनाव लड़ती है, कार्यकर्ताओं की वजह से पार्टी प्रदेश व देश में सत्ता चला रही है। 2027 के चुनाव में भी भाजपा 350 से ज्यादा सीटें जीतकर जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। भाजपा के जिलाध्यक्ष हरवीर पाल सिंह ने भी नगर के सभी बूथों पर जाकर कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयारी में जुटने का मंथन किया। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, शानू जैन, आशीष भरत, महबूब फरीदी, शंकर सिंह, ललित गुप्ता, वरूण सिंह, शलिनी सैनी, विमला आदि मौजूद रहें।





## सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव शाहपुर बटावली में स्थित सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चार दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने अपनी कला और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। जिसने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक व पूर्व राज्यमंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि ने संस्थान के निदेशक सोनू यादव, प्रशिक्षण निरीक्षक मनोज कुमार, और ग्राम प्रधान दीपक कुमार एवं जगपाल प्रधान के साथ मिलकर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मनमो. हक सरस्वती वंदना के साथ हुई।

स्काउट गाइड की कुल 12 टोलियां बनाई गई। जिसमें प्रत्येक टोली ने एक राज्य का प्रतिनिधित्व किया और कुल 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने चार दिन के प्रशिक्षण में सीखे गए हुनर और गति. विधियों का अद्भुत प्रदर्शन किया।

## गफूरी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीम ने जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए चौपालों का आयोजन भी किया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत गफूरी इंटर कॉलेज में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला अधिकारों, सुरक्षा व्यवस्था, साइबर अपराध से बचाव, और आत्मरक्षा तकनीकों की जानकारी दी गई।

# सरधना विकास समिति बीएलओ व अन्य अधिकारियों को जल्द करेगी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विकास समिति की एक विस्तृत व महत्वपूर्ण बैठक समिति अध्यक्ष सूर्यदेव त्यागी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में समिति के प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यों में समर कुरैशी, महामंत्री सुशील कुमार, पंकज जैन, मांगू प्रधान, कमलेश पालीवाल, इंजी अनुज त्यागी, शाहवेज अंसारी, सुहैल इशाक कुरैशी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत अध्यक्ष सूर्यदेव त्यागी ने सदस्यों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने कहा कि सरधना क्षेत्र में चल रहा सर्वेक्षण इन्क्वायरी रिवीजन कार्य इस बार बेहद पारदर्शी, अनुशासित और समयबद्ध तरीके से संचालित हो रहा है, जिसका श्रेय शासन प्रशासन की सक्रियता, संबंधित अधिकारियों की मेहनत और बीएलओ के निरंतर फील्ड कार्य को जाता है। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि SIR कार्य के दौरान सरधना में टीम भावना, सहयोग और जिम्मेदारी का बेहतरीन उदाहरण देखने को मिला है। और फील्ड में अधिकारियों की निगरानी, इन सभी कार्यों ने सरधना के प्रशासनिक ढांचे की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है। महामंत्री सुशील कुमार ने कहा कि इस बार एसआईआर कार्य में किसी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही देखने को नहीं मिली, जो कि क्षेत्र के लिए सराहनीय है। समर कुरैशी और अन्य सदस्यों ने भी टीम के प्रयासों की तारीफ की और उम्मीद जताई कि आगे भी सरधना क्षेत्र इसी तरह विकास और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा।

मीटिंग के मुख्य बिंदु पर चर्चा करते हुए समिति अध्यक्ष सूर्यदेव त्यागी ने सुझाव रखा कि एसआईआर कार्य में सहयोग करने वाले सभी बीएलओ, संबंधित अधिकारी, सीओ, एसडीएम इंस्पेक्टर सरधना और नगर पालिका की ईओ को सम्मानित किया जाए। यह प्रस्ताव रखते ही सभी सदस्यों ने इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक उपयुक्त तिथि निर्धारित कर तहसील सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने एसआईआर कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान न सिर्फ अधिकारियों व बीएलओ का मनोबल बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य में भी प्रशासनिक कार्यों को लेकर सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में सहायक होगा। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह तय किया गया कि सरधना विकास समिति आगे भी जनहित और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर इसी प्रकार भूमिका निभाती रहेगी।



## 16 को एनएएस इंटर कालेज में होगा युवा उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि महा निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उ.प्र. के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग वी.बी.वाई.एल.डी. 2026 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन मंगलवार को 9:30 बजे से एनएएस इंटर कालेज के खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमें डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह, कविता लेखन, इन्वोवेशन साइस मेला प्रदर्शनी, में स्थानीय शहरी एवं ग्रामीण स्तर के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। प्रतिभागी युवाओं द्वारा माई भारत पोर्टल पर एनवाईएफ वीबी वाईएलडी 2026 के अन्तर्गत प्रतिभागिता हेतु रजिस्टर किया जाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में मेला प्रदर्शनी को मुख्य रूप देना प्रास्तावित है।

# छात्रों, शिक्षकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो:डीएम

## जिलाधिकारी ने किया डीआईओएस व बीएसए कार्यालय का निरीक्षण, रिकॉर्ड के रखरखाव को देखा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जिला मुख्यालय स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पंजिका, अभिलेखों के रखरखाव, पत्रावली संचयन, कार्यालय की स्वच्छता एवं व्यवस्थित कार्य निष्पादन जैसी व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलो. कन किया।

जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका में दर्ज कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति की मिलान-पड़ताल की तथा अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में रखे अभिलेखों की स्थिति को और बेहतर बनाने, महत्वपूर्ण दस्तावेजों के समयबद्ध निस्तारण तथा जनहित से संबंधित कार्यों को बिना विलंब पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए, ताकि छात्रों एवं शिक्षकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने DIOS व ठै। को निर्देशित किया कि सभी शाखाओं में कार्य-प्रवाह सरल एवं सुगम बने रहने हेतु नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करें और शासन द्वारा संचा. लित योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह सहित खंड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी व बीट कांस्टेबल लाइन हाजिर, कोतवाली प्रभारी को बनाया साइर सेल थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मोहल्ला मुगलपुरा में पटाखों से दो मकानों में आग लगने के मामले में एसपी सूरज कुमार राय ने चौकी प्रभारी विकास चौहान, बीट कांस्टेबल कपिल को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी को यहां से साइबर सेल थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया और ब्रिजेश कुमार को कोतवाली प्रभारी बनाया गया।

शहर के मोहल्ला मुगलपुरा निवासी हनीफ और सोनू के मकानों में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे, जिनमें आठ दिसंबर की शाम आग लग गई। आग लगने से करीब आधा घंटे तक पटाखों में धमाका होता रहा ओर पूरे मोहल्ले में धुएं का गुब्बार फैल गया। आग की चपेट में आने से वसीम, फिरोज, तालिब और महिला शोएबा झुलस गए। पड़ोसियों ने सबमर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। पुलिसकर्मियों और अग्निशमन कर्मियों ने दोनों मकानों से भारी मात्रा में पटाखे और पटाखे बनाने में प्रयोग होने वाली कच्ची सामग्री बरामद की। इस मामले में पुलिस ने हनीफ, वसीम, आसिफ, साहिल, जाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आबादी के बीच पटाखे बनाने के मामले में एसपी ने संज्ञान लेकर जांच बैठा दी। जांच में चौकी प्रभारी विकास चौहान, बीट सिपाही कपिल की लापरवाही उजागर हुई। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुराना कस्बा चौकी प्रभारी विकास चौहान और बीट सिपाही कपिल को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी सूरज राय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह अलर्ट पर है और पुलिस कर्मियों को समय-समय पर निर्देशित किया जा रहा है। वहीं सपा ने स्पष्ट किया की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चुप नहीं होनी चाहिए और अगर कोई भी पुलिसकर्मी लाप. रवाही करेगा तो उसे पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पशुओं को चारा डालने गई महिला से बदमाश ने लूटे जेवरात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में सुबह के समय घर के पीछे बने पशुओं के आहते में पशुओं को चारा डालने गयी महिला से एक नकाबपोश बदमाश ने सोने के कुण्डल और गले की तबीजी लूट जंगल की और फरार हो गया। महिला के शोर मचाने पर परिजनों ने बदमाश की तलाश भी की लेकिन हाथ नही लगा पुलिस जांच में जुटी है।

गौना निवासी शाइस्ता पत्नी उम्मेद के घर के पीछे आहते में ही पशुओं के रहते के लिए जगह बना रखी है। उसने बताया कि सुबह 4:30 बजें वह पशुओं को चारा डालने गयी तो जैसे ही उसने पशुओं के वहा लगी तिरपाल को हटाया तो एक नकाबपोश बदमाश ने उसे नीचे गिरा लिया और मारपीट करते हुए उससे सोने के कुण्डल और गले में पहनी सोने की तीन तबीजी लूटकर जंगल की और फरार हो गया। बदमाश के जाने के बाद महिला ने शोर मचाया तो आस पडौस के लोग और परिजन इकट्ठा हो गये और जंगल में भी बदमाश की तलाश की लेकिन बदमाश का पता नही चल पाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और परिजनों से जानकारी में जुटी है।



# गांव में मुहपका खुरपंका रोग से 32 पशु बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में पशुओं में मुहपका खुरपका रोग के चलते 32 पशु बीमार है। ग्रामीणों ने पशु विभाग के उच्च अधिकारियों से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।

गौना गांव में पशुओं में मुहपका खुरपका रोग के चलते पशुओं में बीमारी बढ़ती जा रही है। गांव में मुरतिजा पुत्र मौसम के तीन पशु, ताजु पुत्र जफरू के चार पशु, आशमौहम्मद के दो पशु आरिफ पुत्र इस्माइल के तीन पशु, सलीम के दो पशु, सलाउद्दीन के पांच पशु, मौसम का एक पशु, हाजी अलीमौहम्मद का एक पशु, कर्म अली का एक पशु, जाहिद के दो पशु, पप्पू के एक पशु, वकील का एक पशु, विक्रम के तीन पशु, नाहर सिंह का एक पशु, ताज मौहम्मद के दो पशु बीमारी से पीड़ित है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं में बीमारी के चलते पशुओं का दूध घट गया है। वही पशुओं की बीमारी के चलते ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने पशु विभाग के उच्च अधिकारियों से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।



## एक नजर

### बृजेश कुमार बने कोतवाली प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली का बृजेश कुमार ने नए प्रभारी के रूप में शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उनका उद्देश्य जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करना है। कार्यभार संभालने के बाद बृजेश कुमार ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सहायता उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए टीमवर्क के साथ सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। नए प्रभारी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध, अवैध गति. विधि, तेज रफ्तार वाहन, चोरी, छेड़छाड़ या दबंगई करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि इन मामलों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बृजेश कुमार ने पुलिस स्टाफ को विशेष निर्देश दिए हैं कि कोतवाली में आने वाले हर पीड़ित को सम्मान और न्याय मिले। उन्होंने जोर दिया कि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बृजेश कुमार ने नियमित गश्त बढ़ाने, रात्रि पेट्रोलिंग को मजबूत करने और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की बात कही। उन्होंने अपराध नियंत्रण में स्थानीय लोगों के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। अधिका. रियों ने उम्मीद जताई है कि नए प्रभारी के आने से पुलिस कार्यशैली में तेजी और सख्ती आएगी। स्थानीय लोगों ने भी बृजेश कुमार की नियुक्ति से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई है।

# बाइक का 11,500 का चालान कर किया सीज, अन्य वाहनों के काटे चालान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वंदना चौक पर शुक्रवार को पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इन्पेक्टर सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और बिना वैध दस्तावेज़ों के वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाना था।

अभियान के तहत एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रोका गया। जांच में बाइक सवार के पास वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़, जैसे इंश्योरेंस, आरसी, पॉल्यूशन प्रमाणपत्र और वैध ड्राइविंग लाइसेंस, नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त, वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं थी और चालक ने हेलमेट भी नहीं पहना था। नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण टीआई सतेन्द्र सिंह ने मोटरसाइकिल का 11,500 का चालान कर बाइक को सीज कर दिया। टीआई सतेन्द्र सिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि बिना वैध कागज़ात के वाहन चलाना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह चालक और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करता है। वाहन चालक वाहन चलाते समय अपने दस्तावेज़ पूरे रखें, हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।

# बिजली के तारों में आग लगने से मची भगदड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मेंन बाजार को जाने वाले रास्ते पर बिजली के तारों में अचानक से आग लग गयी। तारों में आग लगने से वहां भगदड़ मच गयी। राहगीरों ने किसी तरह तरह इधर-उधर भाग कर जान बचायी।

रटौल में पूर्व प्रधान जाकिर हसन के आवास के नजदीक घर के खम्बें मे लगे तारों अचानक आग लग गयी जिससे वहा खड़े लोगो मे भगदड़ मच गयी। वही बिजली विभाग को सूचना दी। मौके पर मोजूद दूक. ानदारो ने बताया कि तारों में अचानक आग लगने से तेज धमाका हुआ ओर तार जलने लगे जिस कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

### संजय राणा को किया 6वां जल प्रहरी सम्मान 2025 से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एस्रो के निदेशक संजय राणा को 6 वां जल प्रहरी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। न्यू महाराष्ट्र सदन दिल्ली में जल संसाधन मंत्रालय एवं नीति आयोग के सहयोग से 6 वां जल प्रहरी सम्मान 2025 सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल, पद्म विभूषण डा.अनिल जोशी, पद्म लक्ष्मण सिंह लापोड़िया, स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ देश के प्रतिष्ठित पर्यावरणविद, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद तथा सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रही। जल प्रहरी सम्मान प्रति वर्ष देश के विभिन्न राज्यों की 33 लोगों को दिया जाता है जिन्होंने जल संरक्षण, वर्षा जल संचय, जल स्रोतों के पुनर्जीवित तथा जन-भागीदारी पर आधारित अभियानों के माध्यम से समाज में विशिष्ट योगदान दिया हो। इस वर्ष 13 राज्यों के लोगों को दिया गया। संजय राणा विगत 25 वर्षों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण, आओ नदियों को जाने, जल वायु परिवर्तन, वृक्षारोपण, पर्यावरण शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर युवाओं और समाज में व्यवहार परिवर्तन यात्रा के माध्यम से कार्य कर रहे है, वे अभी तक 1.25 लाख युवाओं, छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों के माध्यम से विभिन्न अभियान चला चुके है जिनके स्थानीय स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन नजर आए है। आयोजक मंडल ने संजय राणा के काम को निरंतर, पारदर्शिता और जन-सहभागिता पर आधारित एक मॉडल बताते हुए कहा कि उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कल भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर संजय राणा ने कहां कि यह सम्मान व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एस्रो परिवार के प्रत्येक कार्यकर्ता की है जिन्होंने कड़ा परिश्रम किया है साथ ही उन सभी सहयोगियों, साथियों, शिक्षकों, बच्चो, युवाओं और समुदायों का है जो साथ चल रहे है। यह पुरस्कार हमें आने वाले समय में और अधिक ऊर्जा से काम करने की प्रेरणा देता है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश कलीराम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। शामली निवासी कलीराम बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में हुई लूट के एक मामले में वांछित था। पुलिस की गोली लगने से उसके पैर में चोट आई है, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह मुठभेड़ खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में बड़ागांव के समीप ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। घेरा. बंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में कलीराम को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कलीराम की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि लूट के मामले में वांछित चल रहे कलीराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पैर में गोली लगी है और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेकड़ा कोतवाली में इस संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# स्पेयर पार्ट की दुकान से 70 हजार रुपये नकद चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक स्पेयर पार्ट की दुकान से 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। यह घटना एसपी कार्यालय के ठीक सामने हुई, जिससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

चोरी की यह वारदात शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एसपी ऑफिस के सामने हुई। चोरों ने रात के समय व्यापारी राजीव की स्पेयर पार्ट की दुकान को निशाना बनाया। सुबह जब आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो उन्होंने राजीव की दुकान के ताले टूटे हुए देखे। इसकी सूचना तुरंत व्यापारी राजीव और फिर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस चोरी का खुलासा कर आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिक्षक संघ ने की डीएम से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद के जिलाध्यक्ष डा.राजवीर सिंह व संयोजक मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र स्वराज पाल दुहूण ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को शिक्षक निर्वाचन नामावली में व्याप्त विसंगतियों को दूर कराने की मांग की। शिकायत पत्र में कहा गया है कि 2दिसम्बर 25 को प्रकाशित मतदाता सूची में कई प्रकार की त्रुटियां हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मांग करता है कि पूर्व निर्वाचनों की भांति शुद्ध त्रुटि विहीन मतदाता सूची प्रकाशित किया जाये, जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं के विद्यालयों के नाम अंकित होने चाहिए। विद्यालयों के नाम के अभाव में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहर्ता की भी कोई जानकारी नही हो पाती है। दुहूण ने बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वा. सन दिया है कि इसे दिखवाया जाएगा तथा शुद्ध व त्रुटि विहीन मतदाता सूची निर्गत कराई जायेगी।

# वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने की प्रेस वार्ता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ महारेली राहुल गांधी के नेतृत्व में की जाएगी जिसमें उत्तर प्रदेश से लाखों कार्यकर्ता महारैली में भाग लेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी शहर कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने एकजुट होकर पार्टी कार्यकर्ताओं से महारैली में भाग लेने का आहवान किया है। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष रामहरि पवार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता नगर के दिल्ली सहारनपुर रोड से इकट्ठे होकर महारैली में भारी संख्या में पहुंचेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस मात्र एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलने का काम करती है। गरीबों मजदूरों व्यापारियों का हित कांग्रेस में ही सुरक्षित है। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य देवेंद्र चौहान बिजेंद्र शर्मा रविंद्र तोमर शोकेंद्र तोमर वसीम खान आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

पिछले 6 वर्षो से मेरे पुत्र विपिन व पुत्रवधू किरन के साथ मेरा किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध वास्ता नहीं है इसलिए आज मै इसकी घोषणा करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
कृष्णपाल पुत्र खजान सिंह निवासी सरूरपुरकलां थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आसिफ से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
नौशाद अहमद पुत्र जरीफ अहमद निवासी कैराना हाल नि. काशीराम कॉलोनी बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र मोनू उर्फ अजय व उसकी पत्नि पूजा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
रविन्द्र कुमार पुत्र शीशपाल व पूनम पत्नि रविन्द्र कुमार निवासी ग्राम पुसार थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट, एक घायल बाइक छोड़ भागे छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जय भारत किसान इंटर कॉलेज के छात्रो के दो गुटो मे स्कूल की छुटटी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसके बाद गंगोह तिराहे पर अफरातफरी का माहौल हो गया। छात्रो के बवाल मे एक छात्र को गम्भीर चोटे आई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची तो छात्र मौके से भाग खडे हुए। पुलिस ने एक घायल छात्र को अस्पताल मे भर्ती कराया है वही मौके से छात्रो की एक बाइक को भी कब्जे मे लिया।

चौसाना चौकी क्षेत्र मे स्थित जय भारत किसान इंटर कॉलेज के छात्रो के दो गुटो मे शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। छात्रो के दो गुटो के करीब 10 लडको गंगोह तिराहे पर जमकर बवाल करते हुए मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्रो के पास लाठीडंडे भी थे।

छात्रो की मारपीट में गंगोह तिराहे पर अफरातफरी का माहौल बन गया था। सभी बवाल करने वाले छात्र कक्षा 11-12 के बताए गए है। छात्रो की मारपीट मे एक युवक को गम्भीर चोटे आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो भगदड मच गई। पुलिस ने मोके से एक बाइक को कब्जे मे लिया है और घायल को अस्पताल मे भर्ती कराया है। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि छात्रो के बीच मारपीट किस बात को लेकर हुई यह तो स्पष्ट नही है। जांच की जा रही है।

# क्रीड़ा कंपटीशन में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**झिंझाना।** डी-सैन्ट स्कूल झिंझाना में आयोजित वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। जलेबी जंप प्रतियोगिता में कक्षा 12 एच और 12 ए के बीच हुए मुकाबले में आशीष प्रथम, सूरज द्वितीय तथा चरणजीत तृतीय स्थान पर रहे। बैक बॉल थ्रो में कक्षा 9 एच के आर्यन प्रथम, सावन द्वितीय, आकांशा तृतीय रहे। कक्षा 10 के सामरिक प्रथम, आरिश द्वितीय, शीतल तृतीय रहे। कक्षा 11 के अक्षय प्रथम, विशाल द्वितीय, वंश तृतीय रहे। कक्षा 12 एच व 12 ए संयुक्त में विनीत प्रथम, अनिरुद्ध द्वितीय, चरणजीत तृतीय रहे। बालिका खो-खो लीग में पहले चक्र में गांधी हाउस ने चरण सिंह हाउस को हराया। दूसरे चक्र में नेहरू हाउस ने सुभाष हाउस को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। लॉन्ग जम्प में कक्षा 11 के अभिषेक प्रथम, कैफ द्वितीय रहे। कक्षा 12 के सावन प्रथम, लवप्रीत द्वितीय म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता में कक्षा 2 के अंश प्रथम, नवजोत द्वितीय, साफिया तृतीय रहे।

कक्षा 3 में आईना प्रथम, शौर्य द्वितीय, ईश्वर तृतीय रहे। दौड़ प्रतियोगिता में नर्सरी के वंश प्रथम, आदिल द्वितीय, इंशा तृतीय तथा एल।के।जी के अराफात प्रथम, सालिम द्वितीय, प्रिंस तृतीय और यू।के।जी में कार्तिक प्रथम, अवनि द्वितीय, यश तृतीय रहे। स्पून फ्लावर रेस में कक्षा 4 के दिलप्रीत प्रथम, असदुल्ला द्वितीय, अवनि तृतीय तथा कक्षा 5 के अरुण प्रथम, प्रिंस द्वितीय, परिधि तृतीय रहे। बैलून ब्लास्टर प्रतियोगिता में कक्षा 6 के कुनाल प्रथम, हर्ष द्वितीय, उर्वशी तृतीय तथा कक्षा 7 के आर्यन प्रथम, वंशु द्वितीय, वंशिका तृतीय व कक्षा 8 के आर्यन प्रथम, नैतिक द्वितीय, खुशी तृतीय रहे। कबड्डी सेमीफाइनल सुभाष हाउस और नेहरू हाउस के बीच खेले गए मुकाबले में नेहरू हाउस ने 32. 27 से जीत दर्ज की। शटल दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 9 एच के प्रधान प्रथम, सावन द्वितीय, आकांशा तृतीय तथा, कक्षा 10 एच के प्रियांशु प्रथम, नाहिद खान द्वितीय, शीतल तृतीय और कक्षा 11 एच के शिवम प्रथम, निखिल द्वितीय, शंकी तृतीय रहे। रोप पुलिंग प्रतियोगिता के पहले चक्र में चरण सिंह हाउस ने नेहरू हाउस को हराया।

दूसरे चक्र में गांधी हाउस ने सुभाष हाउस पर जीत दर्ज की। बालिका रस्साकशी के पहले चक्र में सुभाष हाउस ने चरण सिंह हाउस को हराया। दूसरे चक्र में गांधी हाउस ने नेहरू हाउस को पराजित किया। अंताक्षरी प्रतियोगिता में चरण सिंह हाउस प्रथम व गांधी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। बालक खो-खो प्रतियोगिता के पहले चक्र में गांधी हाउस ने नेहरू हाउस को हराया। दूसरे चक्र में चरण सिंह हाउस ने सुभाष हाउस को परास्त किया। दिनभर हुए मुकाबले अंतिम क्षण तक रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे।

# हादसे में घायल ने तोड़ा दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊन चौसाना मार्ग पर ट्रैक्टर टोली व बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई घायलों को करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था बृहस्पतिवार शाम को दुर्घटना में घायल गौतम ने दम तोड़ दिया शुक्रवार को गांव में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया इस संबंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया है। ऊन चौसाना मार्ग पर भट्टे के पास ट्रैक्टर ट्राली व बाइक सवार गौतम पुत्र राजेश निवासी हरसाना व उसका बहनोई विकास पुत्र चवन की ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत हो गई थी जिसमें गौतम को गंभीर चोटे आई थी जिसे करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसका इलाज चल रहा था घटना 3 दिसंबर की है कई दिनों से जिंदगी व मौत के बीच जूझ रहे गौतम उम्र करीब 22 वर्ष ने बृहस्पतिवार शाम को अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद में शुक्रवार को गांव में गौतम का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।गौतम अविवाहित था। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि घायल गौतम की अस्पताल में मौत हो गई है प्रकरण में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में पिछले एक माह से चल रहे विशेष काउंसलिंग सत्रों और करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का शुक्रवार को समापन किया गया। 14 नवंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक सु.दृढ़ता और सकारात्मक शिक्षण वातावरण को मजबूत बनाना रहा। सभी सत्रों का संचालन काउंसलर एकांशी चौधरी द्वारा किया गया।

काउंसलिंग के दौरान छात्रों की व्यक्तिगत व शैक्षणिक समस्याओं जैसे भावनात्मक चुनौतियां, पढ़ाई का दबाव, संवाद की जटिलताएं और सीखने में कठिनाइयां पर विशेष चर्चा की गई। कक्षा 3, 4 और 5 के लिए बुलिंग एवं हैरसमेंट पर महत्वपूर्ण सत्र हुआ, जिसमें छात्रों को बुलिंग की पहचान, उससे बचाव और समस्या आने पर सहायता लेने के तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही कम्युनिकेशन स्किल पर भी जोर दिया गया। कक्षा 6 में सकारात्मक एवं प्रभावशाली संवाद पर सत्र हुआ, जिसमें बेहतर बातचीत और आत्म-अभिव्यक्ति के कौशल सिखाए गए। कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों के लिए आयोजित डिस्ट्रिक्ट काउंसलिंग सत्र में क्रोध नियंत्रण, भावना प्रबंधन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, समय प्रबंधन और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार पर विस्तृत जानकारी दी गई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्ट्रीम के अनुसार करियर विकल्प, भविष्य हेतु जरूरी कौशल, प्रोफेशनल व्यवहार और तैयारी के टिप्स बताए गए। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, एकांशी चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चौयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** देर रात बाइक सवार की अज्ञात वाहन से टक्कर के चलते मौत हो गई। गस्त के दौरान रास्ते में शव को पड़ा देख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना भवन कदरगढ़ चौकी के पास मारूखेड़ी हरनाकी मार्ग पर रास्ते में एक बाइक के पास ही एक युवक को पड़ा देख पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब से निकले कागज के आधार पर युवक की पहचान जयकुमार 24 वर्ष पुत्र विजेंद्र निवासी हरनाकी चरथावल के रूप में हुई।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। समाचार लेकर जाने तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि प्रथम . श्या घटना दुर्घटना लग रही है। संभवत: किसी अज्ञात वाहन अथवा जंगली जानवर की टक्कर से युवक की मौत हो सकती है।

## एक नजर

### आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से नहीं मिला वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलने पर गंभीर नाराजगी जताई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर वेतन जारी नहीं किया गया तो सभी संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। शुक्रवार को विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिले में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी लंबे समय से लंबित है, जबकि उच्च अधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। यदि निर्धारित समय में वेतन नहीं दिया गया तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग एवं संबंधित कंपनी की होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला को घरवालों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के अपना घर आश्रम में रह रही एक महिला का डेढ़ वर्ष बाद अपने परिवार से भावुक मिलन हुआ। गत 6 अगस्त 2023 को प्रभुजी मिथलेश को शहर कोतवाली पुलिस से लावारिस एवं असहाय अवस्था में महिला कांस्टेबल शीतल और रविन्द्र कुमार द्वारा आश्रम में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आश्रम की देखरेख और मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ। अरुण रॉय के परामर्श से इलाज के बाद उनकी हालत धीरे-धीरे बेहतर होने लगी। चार दिन पहले प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई और अपना पता गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ बताया। ग्राम प्रधान से बातचीत कर महिला के बारे में जानकारी साझा की गई और परिवार का पता लगाने में सहायता मांगी गई। लगभग दो घंटे बाद ग्राम प्रधान ने प्रभुजी के बेटे धर्मेंद्र का नंबर उपलब्ध कराया। धर्मेंद्र से बात होने पर उन्होंने बताया कि उनकी मां डेढ़ वर्ष पहले घर से अचानक निकल गई थीं और काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। उन्होंने तुरंत आश्रम आने की बात कही। शुक्रवार को प्रभुजी के पति थानसिंह और बेटे धर्मेंद्र आश्रम पहुंचे। मां को देखकर दोनों की आंखें भर आईं। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वे प्रभुजी को अपने साथ गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ लेकर गए।

### गाइड्स को दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज कैराना में गाइड कैंप के दूसरे दिन विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु देवी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। ध्वजारोहण के बाद प्रशिक्षक एवं जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने सभी गाइड्स को बीपी सिक्स, योग अभ्यास, गांठें-बंधन, चादर-रस्सी-स्कार्फ की सहायता से स्ट्रेचर बनाना, तंबू निर्माण और माइनर बनाने जैसी गतिविधियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रत्एक गतिविधि का महत्व समझाते हुए गाइड्स को व्यावहारिक रूप से अभ्यास भी करवाया। गाइड कैप्टन प्रीति वर्मा, बेबी तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप के दौरान छात्राओं में उत्साह और सीखने की ललक देखने को मिली।

### स्कॉलर्स प्राइड पर मनमाने तरीके से फीस वसूलने की जिलाधिकारी से शिकायत, जांच की मांग

**चौसाना।** गांव कमालपुर में स्थित स्कॉलर्स प्राइड स्कूल मे छात्र के साथ ट्रैकशूट पहनकर नही आने पर छात्र की पिटाई की जांच मे लीपापोती होने के बाद अभिभावक अरविंद सैनी ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच की मांग को तेज करते हुए जिलाधिकारी शामली से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीडित ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन जबरण फीस वसूली के साथ स्कूल ड्रेस को अनावश्यक भाव मे बेचकर छात्रों के अभिभावको को शोषण कर रहें है। जिससे अभिभावको की जेब काटी जा रही है। साथ ही अभिभावक अरविंद सैनी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के भी दोबारा से जांच कर अभिभावको को जांच मे शामिल करने की मांग की है। ताकि स्कूल की मनमानी पर रोक लग से और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

# बिजली के बकाया बिलों चोरी के मामलों में जुर्मानों पर भी मिलेगी छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विद्युत विभाग की ओर से प्रारंभ की गई एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत अब जहां बिजली बकाया दारों को छूट दी जा रही है वही बिजली चोरी आदि मामलों में किए गए जमाने पर भी विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत छूट दी जा रही है। विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर बकायादारों को छुट का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत अब बकायदारों को विद्युत विभाग की ओर से बड़ी छूट का ऐलान किया गया है। योजना की जानकारी के लिए जागरुक करते हुए विद्युत अधिकारियों ने शुक्रवार को ग्रामीण अंचल में पहुंचकर ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी। उपखण्ड अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियो के आदेश पर ग्राम भैसानी इस्लामपुर, चंदेलामाल, दखोड़ी जमालपुर और उमरपुर मे बिजली बिल राहत योजना 2025 का प्रचार प्रसार किया गया। यह योजना 1 दिसंबर से से शुरू हों चुकी है। जिसमें बिजली चोरी मामलो में किए गए जुर्माना और बिजली बिल पर भी छुट आई हुई है। शुक्रवार को इन सभी गांव में करीब 30 बिजली चोरी मामलो के उपभोक्ताओं को जुर्माना जमा करने के लिए कहा गया। जुर्माना न जमा करने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। टीम में उपखण्ड अधिकारी विकास कुमार, अवर अभियंता राहुल कुमार, अवर अभियंता रविंद्र कुमार और विद्युत निरोधक थाना शामली के प्रभारी दुष्यंत शर्मा मौजूद रहे।

# बाल विवाह का समाज से समूल नाश जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना शामली में बाल विवाह मुक्त समाज हेतु जगरुकता कार्यक्रम किया गया। जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत का कार्यक्रम दिनांक 27 नवम्बर, 2025 से 08 मार्च, 2026 तक तक संचालित है। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना,शामली में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कॉलेज के समस्त बालक- बालिकाओं एवं अध्यापको को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं दंडात्मक प्रविधानो के बारे में जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग से शुभम शर्मा ने बताया कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक विकास में तथा शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए बालिकाओं की शादी 18 वर्ष से कम आयु में करना कानूनन अपराध है। यह अपराध किए जाने पर 2 साल तक का कठोर कारावास और एक लाख तक का जुर्माना या दोनों भी हो सकता है।

विवाह में शामिल समस्त लोग चाहे वह फोटोग्राफर, टेंट वाला, खाना बनाने वाले या कोई भी ही क्यों ना हो, ऐसे सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज होती है। चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर रतन ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना इत्यादि की पात्रता व योग्यता के बारे में बताया। वन स्टॉप सेंटर मेनेजर सु गजाला त्यागी ने ने विभागीय हेल्पलाइन नंबर 181 व चाइल्ड हेल्पलाइन न 1098 के बारे में बताया। विभिन्न कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों को बाल विवाह न करने और अन्य लोगों को बाल विवाह न करने के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कालेज प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार व अन्य समस्त स्टाफ व महिला कल्याण विभाग से कांत उपस्थित रहे।

# हरियाणा मजदूरी करने जा रहे बाइक सवार हादसे में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**शामली।** हरियाणा मजदूरी करने जा रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब पुलिस वाहन चालक की तलाश करने में जुट गई है। कैराना क्षेत्र के गांग गंदराऊ निवासी यामीन पुत्र लियाकत अपने साथी अनस पुत्र बाबर के साथ बाइक पर सवार होकर हरियाणा के गांव बेसक सनोली में मजदूरी करने के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के गांव मवी के निकट पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया और मामले की सूचना कैराना पुलिस को दी। फिलहार दोनों युवको की हालत स्थित बनी हुई है। वही पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कक्ष में डॉक्टर के न बैठने से मरीज परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जिला अस्पताल के मन कक्ष में डॉक्टर न बैठने से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ। उर्वशी के त्यागपत्र देने के बाद से मन कक्ष में नियमित उपचार की व्यवस्था बाधित चल रही है। जिला संयुक्त चिकित्सालय में मन कक्ष स्थापित किया गया था, जहां मानसिक स्वास्थ्य से जूझने वाले लोगों के लिए एक मनोरोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, सोशल वर्कर व काउंसलर की नियुक्ति की गई थी। जहां प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंच रहे थे, लेकिन करीब एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डा। उर्वशी त्याग पत्र देकर चली गई। वर्तमान में मन कक्ष केवल काउंसलर प्रेरणा पुंडीर के सहारे संचालित हो रहा है, जबकि यहां तैनात सोशल वर्कर को हटाकर सीएमओ कार्यालय भेज दिया गया है। ऐसे में मानसिक रोगियों को परामर्श से लेकर दवा तक की सुविधा में लगातार कमी बनी हुई है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने निर्देश दिए थे कि सीएचसी कांधला अधीक्षक डॉ। वीरेन्द्र सिंह प्रत्एक शुक्रवार को मन कक्ष में बैठकर मरीजों को उपचार प्रदान करें। लेकिन पिछले दो सप्ताह से डॉ। वीरेन्द्र भी मन कक्ष नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण मरीजों को इलाज और जरूरी दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।मरीज के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पा रहा। मरीजों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मन कक्ष में जल्द से जल्द नियमित मनोरोग विशेषज्ञ तैनात किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# चोरी के सामान के साथ एक चोर पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान तथा घटना में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार,गत 24 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय मलकपुर से अज्ञात चोर द्वारा सामान चोरी कर लिया गया था। वहीं 7/8 नवंबर की रात्रि में ग्राम गाजीपुर के जंगल में स्थित ट्यूबवेलों से भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। दोनों मामलों में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व्यक्ति चेकिंग अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना कैराना पर तैनात उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक दुर्गपाल सिंह, है0कॉ0 गौरव कुमार व कॉ. अरुण कुमार ने एक चोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर उर्फ छोटू पुत्र राकेश निवासी ग्राम पावटी कलां थाना कैराना जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है।



# ब्रह्मलीन अमरदेव जी महाराज की पुण्यस्मृति पर श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**थानाभवन।** आश्रम पंचतीर्थी के प्रांगण मे ब्रह्मलीन स्वामी अमरदेव जी महाराज की 34 वीं पुण्यस्मृति पर आश्रम पंचतीर्थी के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामदेव महाराज प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति ने कहा भगवान की कृपा से सत्संग मिलता है। संतो के दर्शन करके पापों से मुक्ति मिलती है।संतो के दर्शन के बाद हमें संकल्प लेना चाहिए,कि हम भविष्य में कभी पाप नहीं करेंगे।उन्होंने कहा कि जैसे हमें रामचरित्रमानस में भी बताया गया है की प्रभु राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। हमारे दादा गुरु स्वामी अमरदेव जी ने हमें सिखाया की सेवा करनी चाहिए जिससे मनुष्य का अहंकार अभिमान नष्ट हो जाते हैं। यह जरुरी नहीं कि मंदिर में आकर भगवान की सेवा करो,गरीब लोगों की तथा माता पिता की सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है। जिससे भगवान अति प्रसन्न होते हैं। दिन को सजाता है सूर्य और रात को सजाता है चन्द्रमा, वैसे ही मानव जीवन को सौन्दर्य से युक्त करने का काम सद्गुरु करते हैं। किंतु यह अनुपम उपलब्धि केवल सद्गुरु बनाने से प्राप्त नहीं होती है, बल्कि सद्गुरु के चरणों का दास बन जाने के बाद ही मानव जीवन शोभायमान होता है। कार्यक्रम में जगन्नाथ धाम हरिद्वार से पहुंचे महामंडलेश्वर महंत स्वामी अरुणदास महाराज ने ने बताया कि संसार में चाहे कोई कितना ही बड़ा ज्ञानी हो अथवा ध्यानी, सिद्घ, संत हो या कोई महान विज्ञानी, चिकित्सक हो या शिक्षक, कोई उद्योगी हो या व्यवसाई जब तक उसे सद्गुरु प्राप्त नहीं होते तब तक उसका जीवन गरिमा से युक्त नहीं होता।

संसार सागर में अंधेरे और उजाले दोनों हैं। यह जरूरी नहीं कि जो आप अपने इन बाहर खुले हुए नेत्रों से देख रहे हैं, जो .श्य साफ-साफ दिखाई दे रहा है वह सत्य का ही उजाला हो। उस चमकते हुए उजाले की परत के पीछे छिपा हुआ घना अंधकार भी हो सकता है। इस मानव देह में एक तीसरा ज्ञान चक्षु भी होता है, जिसके द्वारा अंधेरों और उजालों का अन्तर समझ आता है। जिसके द्वारा संसार नहीं संसार को बनाने वाला, लाखों-करोड़ों प्रकाशित सूर्य भी जिसकी बराबरी नहीं कर सकते, ऐसा जो ज्योति स्वरूप है, जो कण-कण में बसा हुआ है, सर्वव्यापक है, वह महान करतार दिखाई देता है। स्वामी अमरदेव जी ट्रस्ट के महामंत्री पवन आहूजा ने बोलते हुए कहा कि वैसे तो गुरु सबके ऊपर ही अनवरत अपनी कृपा बरसाते हैं, लेकिन जो गुरु कृपा पाने के योग्य होता है, गुरु महिमा के महत्व को भलीभांति समझता है, उसका ही यह दिव्य नेत्र उद्भाषित होता है। क्योंकि इस दिव्य चक्षु के खुलने से शिष्य के जीवन में प्रभात का उदय होता है। सद्गुरु शिष्य को बाहर से नहीं अन्दर से जोड़ते हैं। क्योंकि अन्दर ही वह उजाला मौजूद है, जिसमें जीवन की चमक है, जीवन की गरिमा है, जिसके लिए हमें यह अनमोल शरीर प्राप्त हुआ है। अन्दर के प्रकाश से ही बाहर की वास्तविकता समझ आती है। दुनिया के रिश्ते-नातों की सच्चाई का पता तभी चलता है, जब सद्गुरु के ज्ञान का अमृत मिल जाए। नीर और क्षीर का भेद तभी पता चलता है जब गुरुकृपा से अंदर का प्राणी जाग जाए।

गुरुशरण प्राप्त किए बिना इंसान बहुत सारी चोटों का शिकार हो जाता है। जाने-अनजाने में गुनाहगार बन जाता है।

# विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया



**● विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है, लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया। फोगाट ने भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना है।

पिछले साल विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 के तुरंत बाद संन्यास ले लिया था। विनेश ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर हटने की जरूरत थी। इतने सालों में पहली बार, मैंने खुद को चैन की सांस लेने दी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया, ऊंचाइयों, दिल टूटने के पलों, बलिदानों और मेरे उन रूपों को समझा जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। और इसी आत्मचिंतन में मुझे सच्चाई मिली, कि मुझे अब भी इस खेल से प्यार है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। 31 वर्षीय विनेश, जो जुलाई में एक बेटे को जन्म देने के बाद पहली बार मां बनीं, ने आगे कहा कि उनका बेटा ही एलएस 2028 के सफर में उनका सबसे बड़ा सहारा है।

उन्होंने कहा कि तो मैं यहां हूं, निर्भीक दिल और दृढ़ संकल्प के साथ एलएस 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हूं। और इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, लॉस एंजिल्स ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर। मशहूर फोगाट बहनों में से एक, विनेश ने रियो 2016 ओलंपिक में डेब्यू किया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में चोट लगने के कारण भारतीय पहलवान का अभियान सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। टोक्यो 2020 में भी उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। पेरिस 2024 में, विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में जापान की मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युस्नेलिस गुजमान को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। हालांकि, एक तकनीकी कारण के चलते वह ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला नहीं बन सकीं। स्वर्ण मुकाबले की सुबह विनेश निर्धारित वजन सीमा से अधिक पाई गईं और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वजन घटाने के लिए पिछली रात कई कड़े प्रयास करने के बावजूद, अनिवार्य वजन मापन में उनका वजन थोड़ा अधिक पाया गया। विनेश फोगाट तीन बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेते है और पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन भी रही हैं।




# पाक ने मलेशिया को रौंदा

**● समीर मिन्हास और अहमद हुसैन ने लगाया शतक, मलेशिया पर रिकॉर्ड 297 रनों से जीत दर्ज की**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (नाबाद 177) और अहमद हुसैन (132) की शतकीय पारियों के बाद अली रजा और मोहम्मद सय्याम (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में मलेशिया को रिकॉर्ड 297 रनों से रौंद कर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। उस्मान खान (एक) और अली हसन बलोच (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद समीर मिन्हास और अहमद हुसैन की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 293 रनों की साझेदारी की। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। 49वें ओवर में मुहम्मद अकरम ने अहमद हुसैन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अहमद हुसैन ने 114 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 132 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 345 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

समीर मिन्हास 148 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 177 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 19.4 ओवरों में 48 रन पर ढेर कर मुकाबला 297 रनों से जीत लिया। मलेशिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के लिए ली रजा ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और मोहम्मद सय्याम ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके। दानियाल अली खान छह रन देकर दो विकेट लिए।

# वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 छक्के लगाए

**● ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

**दुबई, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए यू-19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने आस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्काटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जार्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं।

वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्द्धशतक लगाया।

# टी-20 विश्व कप के टिकटों की ब्रिकी शुरू

**भारत में 100 और श्रीलंका में 290 रुपये शुरुआती कीमत, 7 फरवरी से आरंभ होगा टूर्नामेंट, भारत-पाक मैच 15 फरवरी को**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टिकट की ब्रिकी शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने भारतीय समयानुसार शाम 6.45 बजे से टिकट विंडो ओपन कर दी। 20 टीमों का आईसीसी टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा, जो 8 मार्च तक खेला जाएगा। शुरुआती कीमत 100 रुपए आईसीसी ने बताया कि फेज-1 में भारत के वेन्यू पर टिकट की शुरुआती कीमत 100 रुपए हैं। वहीं श्रीलंका के वेन्यू पर शुरुआती कीमत 1000 लंकन रुपया (290 रुपए) है। हालांकि, भारत में टीम इंडिया के मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 500 रुपए हैं। वहीं कोलंबो में होने वाले भारत-पाक मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 450 रुपए हैं। फेज-2 के टिकट बिक्री की तारीखें जल्द अनाउंस की जाएंगी। दर्शक वर्ल्ड कप की आफिशियल वेबसाइट से टिकट खरीद सकते हैं। फिलहाल ग्रुप स्टेज के मैचों की टिकट ही बिकने शुरू हुए। सुपर-8 स्टेज और नाकआउट राउंड के टिकट टूर्नामेंट शुरू होने के दौरान बिकना शुरू होंगे। भारत के मैच की शुरुआती कीमत 500 और 750 रुपए है। 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमों के बीच 29 दिन में 55 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में हर दिन 3 मैच होंगे। मुकाबले शुरू होने की टाइमिंग सुबह 11, दोपहर 3 और शाम 7 बजे रहने वाली है। सुपर-8 स्टेज में हर दिन 2 ही मैच होंगे। वहीं नाकआउट स्टेज में एक दिन में एक ही मैच होगा, जिसकी टाइमिंग शाम 7 बजे रहेगी। टूर्नामेंट का फार्मेट पिछले वर्ल्ड कप की तरह ही रहेगा। जिसमें 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 में क्वालिफाई करेंगी। यहां टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां भी दोनों ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सेमीफाइनल में एंट्री मिलेगी। सेमीफाइनल जीतने वाली 2 टीमों के बीच 8 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

ग्रुप स्टेज में 4, सुपर-8 में 3 मैच होंगे ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 4-4 मैच खेलेंगी। ज्यादा मैच जीतकर पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने पर ही सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। सुपर-8 राउंड में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी फाइनल तक पहुंचने वाली 2 टीमें 8-8 मैच खेल लेंगी। भारत-पाकिस्तान 15 फरवरी को भिड़ेंगे आईसीसी ने 25 नवम्बर को आईसीसी टूर्नामेंट का शेडड्ल रिलीज कर दिया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच 7 फरवरी को कोलंबो में ओपनिंग मैच खेला जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भारत अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। टीम फिर 12 फरवरी को नामीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 को नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेकब डफी का पंजा, न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जेकब डफी (पांच विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 128 के स्कोर पर ढेर करने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर नौ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 32 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट ब्रैंडन किग (22) रनआउट के रूप में गिरा। शाई होप (पांच), रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। केवम हॉज ने 75 गेंदों में 35 रनों तथा जस्टिन ग्रीव्स 57 गेंदों में (25) कुछ संघर्ष करते दिखे।

### कोपा डो ब्रासिल में वास्को ने फ्लूमिनेंस को हराया

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** स्थानापन्न पाब्लो वेगेटी ने 94वें मिनट में दागे गए गोल की बदौलत वास्को डा गामा ने कोपा डो ब्रासिल सेमीफाइनल के पहले लेग में फ्लूमिनेंस पर 2-1 से जीत दिलाई। कोलंबियन फॉरवर्ड केविन सेर्ना ने 22वें मिनट में थियागो सिल्वा के हेडर पास पर गोल करके फ्लूमिनेंस को बढ़त दिलाई। टीनएज अटैकर रेयान ने हॉफटाइम के ठीक बाद छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अभी फ्लूमिनेंस, एंड्रेस गोमेज के क्रॉस को संभाल नहीं पाया। नूनो मोरेरा की जगह 77वें मिनट में आए अर्जेंटीना के स्ट्राइकर वेगेटी ने गोमेज के क्रॉस पर दूर के पोस्ट पर नीचे की ओर हेडर मारकर मैच का रुख बदल दिया। रिटर्न लेग रविवार को माराकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में कोरिंथियंस या क्रूजेरो से भिड़ेगी।

# टीम अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकती: सूर्या



**● कप्तान: मुझे शुभमन और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम अभिषेक शर्मा पर निर्भर नहीं रह सकती मुझे, शुभमन गिल और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। क्विटन डी कॉक की 90 रनों की पारी की बदौलत भारत को 214 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था लेकिन गिल एक बार फिर विफल रहे और पहली ही गेंद पर लुंगी एन्गिडी का शिकार बन गए। वहीं सूर्यकुमार भी महज पांच रन ही बना पाए जिसके चलते भारत ने पावरप्ले के भीतर ही महज 32 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवरों में महज पांच रन जोड़कर भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार रात भारत को मिली 51 रनों से हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मानना है कि मुझे और शुभमन को अच्छी शुरुआत देनी चाहिए थी, क्योंकि हम हर बार अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकते। वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका भी खराब दिन हो सकता है इसलिए मुझे, शुभमन को और कुछ अन्य बल्लेबाजी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। शुभमन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मुझे वह जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी और थोड़ी देर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

पहले टी-20 में सूर्यकुमार ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी लेकिन मुल्लांपुर में गिल के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट किया गया। अक्षर ने तिलक वर्मा के साथ भारतीय पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन वह अधिक देर तक तिलक का साथ नहीं दे पाए और 21 के निजी स्कोर पर चार विकेट झटकने वाले ऑटनील बार्टमैन का पहला शिकार बने, तब भारत का स्कोर 67 रन था। सूर्यकुमार ने अक्षर को ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कहा कि हमने पिछले मैच में सोचा था कि अक्षर ने लंबे प्रारुप में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की है। और हम चाहते थे कि वह आज भी उसी तरह बल्लेबाजी करे। लेकिन दुर्भाग्य से (वह काम नहीं आया), हालांकि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा कि हमने पहले गेंदबाजी की, तो हमें अच्छी वापसी करनी चाहिए थी, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो को एहसास हुआ कि इस विकेट पर लेंथ कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि यह सीखने की प्रक्रिया है। बस सीखो और आगे बढ़ो। थोड़ी ओस भी थी, और अगर हमारा प्लान काम नहीं कर रहा था, तो हमें दूसरा प्लान तैयार रखना चाहिए था।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में नीतीश की हैट्रिक

**● मध्यप्रदेश फिर भी जीता हरियाणा ने राजस्थान को हराया**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया। पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर आलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया।

मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एमपी सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है। आंध्र की खराब शुरुआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे।

अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके। दोनों को त्रिपुरेश सिंह ने पवेलियन भेजा। शुरुआती 13 बाल पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रीकर भरत और नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने पारी संभाली। दोनों ने 50 रन ही जोड़े थे कि वेंकटेश अय्यर ने भरत को काट एंड बोल्ड किया। वे 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रिकी भुई ने 11 रन का योगदान दिया। नीतीश रेड्डी ने 25 रन बनाए। मप्र की ओर से शिवम शुक्ला ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। राहुल बाथम को दो और वेंकटेश अय्यर को एक विकेट मिला। रेड्डी ने ग्वाली, हरप्रीत और पाटीदार को पवेलियन भेजा 113 रन चेज कर रहे मध्यप्रदेश ने 14 रन पर पहला विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की चौथी बाल पर नीतीश कुमार रेड्घ्डी ने हर्ष ग्वाली को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 5वीं बाल पर हरप्रीत सिंह और छठी बाल पर रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। हरप्रीत और रजत खाता भी नहीं खोल सके। ऐसे में वेंकटेश अय्यर (22 रन) ने ऋषभ चौहान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 37 रन पर वेंकटेश के आउट होने के बाद राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। आंध्रा के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट झटके। केवी ससिकांत और सत्यनारायण राजू ने एक-एक विकेट लिए। पुणे के महाराष्ट्रा क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा ने राजस्थान पर 7 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 133 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

# विराट कोहली 15 साल बाद खेलेंगे विजय हजारे टूर्नामेंट में

**● बीसीसीआई ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं है वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें**



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसम्बर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधत्व करते है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं हैं, वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें, जिससे कोहली के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली के सभी सात मैचों की बेंगलुरु मेजबानी करेगा, जिसमें दो गेम चिन्नास्वामी स्टेडियम में और पांच अलूर में होंगे।

टीम अपने अभियान की शुरुआत आंध्र प्रदेश के खिलाफ करेगी। कोहली हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में आ रहे हैं। उन्होंने दो शतक और एक नाबाद अर्द्धशतक सहित 302 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया था। कोहली 2025 में 13 एकदिवसीय मैचों में 651 रन के साथ रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम स्पेन से हारी

**● भारतीय हॉकी टीम को जूनियर महिला विश्व कप में अपने नौवे-दसवें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का समना करना पड़ा**




**चिली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 में अपने 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेलने गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में गोल किया, जबकि नतालिया ने (16वें) और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट में स्पेन के लिए एक-एक गोल किया।

पहला क्वार्टर थोड़ा मुश्किल लेकिन रोमांचक रहा इस दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन और मौके बनाए। क्वार्टर के बीच में, स्पेन गोल करने वाला था और उसे केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन भारत की निधि ने बहादुरी से आगे बढ़कर लगातार दो गोल बचाकर विपक्षी टीम को बढ़त हासिल करने से रोका। 14वें मिनट में, स्पेन को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने फिर से विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआत में स्पेन ने तेजी से जवाबी हमला किया, सारा कार्मोना रामोस ने सर्कल के चारों ओर कुशलता से ड्रिबल किया और अंदर पास दिया, जिसे नतालिया विलानोवा ने (16वें) मिनट में सफलतापूर्वक नेट में गेंद डाल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत को कुछ अच्छे मौके मिले, लेकिन स्पेन ने शायद ही कोई गलती की और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया। 36वें मिनट में, भारत ने थोड़ी देर के लिए जश्न मनाया, जब सोनम ने पास को रोककर एक जोरदार स्ट्राइक से गोल किया। हालांकि, स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जो सफल रहा क्योंकि रेफरी ने बैक स्टिक देख ली और गोल रद्द करना पड़ा। बदकिस्मती से, भारत के लिए उसी मिनट में, स्पेन ने जीत हासिल की और एस्थर ने (36वें) मिनट के फ्लिक की बदौलत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 41वें मिनट में, भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जब कनिका ने (41वें) मिनट में अपने स्ट्राइक से स्पेनिश गोलकीपर को छकाते हुए भारत के लिए गोल किया, जिससे स्कोर कम हुआ और तीसरा क्वार्टर शानदार रहा।

# सम्पादकीय

शनिवार, 13 दिसम्बर 2025

## तकरार बरकरार

काफी समय बाद विपक्ष संसद की कार्यवाही से संतुष्ट होता दिखाई दिया। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बेहद गदगद अंदाज में कहा कि संसद में वंदे मातरम् और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं, इसे भाजपा काफी लंबे समय तक याद रखेगी। उन्होंने विशेषकर देश के गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि एसआईआर और वंदे मातरम् पर संसद में चर्चा के दौरान अमित शाह मानसिक रूप से बहुत परेशान दिखाई दे रहे थे। इसका कारण भी उन्होंने खुद ही बताया और कहा कि इसकी वजह है कि यह सब सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है। उनका यह भी कहना है कि जिस तरह अमित शाह ने सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग किया वह भी यही दर्शाता है कि वे सदन में काफी दबाव में थे। उन्होंने तो सीधे शब्दों में ही कह डाला कि सदन में वंदे मातरम् और एसआईआर की डिबेट ने सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ा दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि काफी लंबे समय बाद जारी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा देखने को मिली और इसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच दिलचस्प नोकझोंक देखने को मिली। जैसाकि लोकसभा में पार्टी के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि उनकी पार्टी और सहयोगी दलों ने एसआईआर और वंदे मातरम् जैसे मुद्दे पर जबरदस्त तरीके से चर्चाओं में भाग लिया और बड़ी शिद्दत के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने नेताओं की तारीफ की और कहा कि उनकी आक्रामकता के चलते सत्ता पक्ष सक्ते में था। लोकतंत्र में सदन में चर्चा और बहस का अपना एक महत्व होता है और उसके द्वारा ही सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी बात को जनता के सामने लाते हैं। इस तरह की चर्चाएं होनी ही चाहिएं। इन चर्चाओं ने एक बार फिर यह बता दिया है कि देश अभी भी एकजुट होकर आगे नहीं बढ़ रहा है। विशेषकर एसआईआर को लेकर अभी भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बड़ी खाई बनी हुई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो और भी आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अभी तक फार्म फिल नहीं किया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह खुद ही जोड़ दिया कि क्यों करूं। वह तीन बार केंद्रीय मंत्री रही हैं, सात बार सांसद रही हैं और तीन बार प. बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री रही हैं। वह खुद ही चुनाव आयोग से सवाल करती दिखाई देती हैं कि अब क्या उन्हें प्रमाणित करना होगा कि वह देश की नागरिक हैं या नहीं, इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है, यह कोई और नहीं प. बंगाल जैसे राज्य की मुख्यमंत्री के बयान हैं। इसलिए उनके बयानों को केवल राजनीति से प्रेरित होकर एकसिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव आयोग को भी सोचना चाहिए कि वह इस तरह काम करे, जिससे नेताओं का भरोसा भी विशेषकर विपक्षी नेताओं का उसे हासिल हो। आखिर चुनाव प्रक्रिया में विश्वास ही तो सबसे बड़ी बात होती है।

## सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त



संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भारतीय जनता पार्टी तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी, वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है, विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृहमंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे, इसी की वजह है कि यह सच सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है और यही कारण है कि श्री शाह ने परेशान होकर सदन में असंसदीय भाषा को प्रयोग किया।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अरावली नहीं बची, तो आप भी नहीं बचेंगे





**पवन सिंह**


अरावली पर्वत श्रंखला दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रंखला है। इसका विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक है। यह गुजरात में पालनपुर के पास से शुरू होकर राजस्थान और हरियाणा से होते हुए दिल्ली तक जाती है। इसका निर्माण भारतीय और यूरे. शियन प्लेटों के टकराने से हुआ, जब यह प्राकृतिक घटना हुई उस युग को प्रोटेरोजोइक युग कहा जाता है जो लगभग 1.5 अरब साल पहले था जो

एक ओरोजेनी यानी पर्वत निर्माण की प्रक्रिया थी। इस प्राकृतिक घटना के बाद प्राचीन वलित पर्वत जिसे अंग्रेजी में Fold Mountains कहते हैं, बने और अब अपरदन के कारण अवशिष्ट पर्वत यानी कि Residual Mountains कहे जाते हैं। पैलियोप्रोटेरोजोइक युग से संबंधित यह पर्वत श्रंखला करीब 670 मिलियन वर्ष पुरानी मानी जाती है जो हिमालियन रेंज के निर्माण से पूर्व की है। यह पूरी श्रंखला मानव अस्तित्व के लिए किसी वरदान की तरह है जिसे चंद ताकतवर मनुष्यों की लाबी ने सुप्रीम कोर्ट के सहारे नेस्तनाबूद करने का जो खेल खेला है, वह चार राज्यों को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हालात यहां तक हो जाएंगे कि चारों के चारों राज्य बूंद-बूद पानी को तरसी जाएंगे और खेती तबाह हो जाएगी। अरावली अगर समाप्त हुई तो करोड़ों लोग भी बेमौत मारे जाएंगे। नेचर किसी भी प्रधानमंत्री, किसी भी राष्ट्राध्यक्ष किसी सुप्रीमकोर्ट को नहीं जानती उसे केवल बदला लेना आता है। आप छेड़ेंगे तो वह आपको, आपकी पीढ़ियों समेत नेस्तनाबूद कर देगी। अरावली की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है, जो राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में है। इसकी ऊंचाई 1,722 मीटर (5,650 फीट) है जबकि हरियाणा के नारनौल के पास स्थित ढौसी में इसकी ऊंचाई 3840 फीट है। कहा जाता है कि यहीं च्यवन ऋषि ने स्थानीय जड़ी-बूटियों से च्यवनप्राश का निर्माण किया था। बाबरनामा में इसी पहाड़ी पर शिलाजीत उपलब्ध होने का वर्णन भी मिलता है लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों ने अरावली रेंज को ही लूटने का आदेश जारी करवा लिया है, क्योंकि उनको पीढ़ियों की लाशों की कीमत पर स्लेट, बहुरंगी संगमरमर, कैल्साइट, लौह अयस्क, तांबा अयस्क चाहिए। दिल्ली के आस-पास की अरावली पहाड़ियों को कंक्रीट के लिए नष्ट किया जा रहा है।

जबकि यह पहाड़ी आज भी दिल्ली रेगिस्तान होने से बचाएं हुए है। जिस दिन यह पर्वत श्रंखला पूरी तरह से हट जाएगी उसी दिन से दिल्ली ही सुप्रीम कोर्ट भी उसका हश्र देखेगा। राजस्थान से उठने वाली गर्म हवाएं नरक का वह तांडव करेंगी की लोग त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। विगत कुछ सालों से दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगातार आ रहे हैं, यह पहाड़ी ही है जो भूकंप की तीव्रता को रोक लेती है। अरावली पर्वतमाला अगर न बची तो दिल्ली-एनसीआर भी नहीं बचेगा। सुप्रीमकोर्ट इस पूरी प्राकृतिक संरचना से अच्छी तरह से वाकिफ है और अपने पूर्व के तमाम फैसलों में वह अरावली के भूगर्भीय व भौगोलिक संवेदनशीलता पर टिप्पणियां कर चुका है। इधर बीते कुछ सालों में जंगल, जमीन और पहाड़ों की ऐसी लूट आरंभ हुई है और संसाधनों को लूट लेने की ऐसी हवस पैदा हुई है जिसे शब्द नहीं दिए जा सकते। अरावली पहाड़ी क्षेत्र गांवों की सामुदायिक भूमि व पंचायती भूमि हजारों हेक्टेयर में है और धीरे-धीरे जब जमीनों की कीमतें बढ़ीं तो धन पशुओं की जमात इधर आई और लोग अरावली के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र में फार्म हाउस बनने लगे। फिर तो ताकतवर जमीनखोर लुटेरों की पूरी फौज नादिरशाह के अंदाज में इधर आ गई। देश में सरकारी संस्थानों और वहां कार्यरत अधिकारियों की पैसे की राक्षसी भूख ने इस क्षेत्र की भूमि के स्वरूप को कागजों पर बदलना आरंभ कर दिया।

दूसरी ओर, अरावली के बहुत बहुत बड़े क्षेत्र की मिल्कियत व्यक्तिगत नहीं होने के कारण भू-माफिया ने इस क्षेत्र के भोले-भाले गांव वालों को लालच दिया और खेल शुरू। सामुदायिक भूमि का हिस्सा बड़ी चालाकी से बेचा गया न कि विशेष खसरा और किला नंबर। इसके बाद बनने शुरू हुए बड़े-बड़े फार्म हाऊस जो रंगमहल सरीखे हो गए। वन विभाग और राजस्व विभाग के खेल अब नए नहीं रहे। भ्रष्टाचार की गंगोत्री ऊपर से प्रवाहित हुई तो सिटी टाउन प्लानर, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निकायों और पुलिस विभाग व न्यायतंत्र को सिंचित करती रही। अगर ईमानदारी से भू-संरक्षण अधिनियम 1900, वन अधिनियम 1927, वन जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 को लागू कर दिया जाए तो ये सारे के सारे धनपशु मटियामेट हो जाएंगे लेकिन वर्तमान को देखते हुए यह सोचना रात में सूरज देखने जैसा है। दिनांक, 21 दिसंबर 1992 को तत्कालीन केन्द्र सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने एक स्पष्ट आदेश जारी किया। आदेशानुसार-भू-संरक्षण अधिनियम के तहत समूचे वन क्षेत्र को वन भूमि माना जाएगा। गैर वानिकी गतिविधि नहीं हो सकेगी यहां तक कि निजी भूमि पर भी वन अधिनियम 1980 ही लागू होगा। 7 मई 1992 को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुग्राम जिले में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) के तहत एक आदेश जारी किया कि अरावली क्षेत्र में किसी प्रकार का भू-परिवर्तन नहीं हो सकता, लेकिन अरावली का संवेदशील पारिस्थितिकी तंत्र नेताओं, अधिकारियों व भू-माफिया ने मिलकर लूट डाला और अब इस पूरी रेंज को ही खा जाना चाहते हैं। मौजूदा समय में अरावली पहाड़ी क्षेत्र के करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर गैर वानिकी कार्य हो चुके हैं और यह दुखद ही नहीं भयावह है। अरावली पर्वत श्रंखलाएं राजस्थान, हरियाणा, गुजरात व दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को संभालती रही हैं। वर्षा चक्र, इन क्षेत्रों का तापमान, ग्राउंड वाटर रीचार्ज सिस्टम। सब कुछ यह रेंज तय करती है। ये पहाड़ियां दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को रेतीली गर्म धूल, आंधियों, तूफानों और बाढ़ से सदियों तक बचाती रही हैं लेकिन लगातार दोहन ने करोड़ों जीवन खतरे में डाल दिया है। एक रिसर्च के अनुसार अरावली क्षेत्र को खनन माफियाओं ने इतना ज्यादा क्षति पहुंचा दी है कि थार रेगिस्तान की रेत दिल्ली की ओर लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अतिरिक्त राजस्थान व हरियाणा तक होने वाले खनन ने जमीन की उर्वरता को लगभग खत्म कर दिया है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सूखा व राजस्थान के रेतीले इलाके में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। राजस्थान के तमाम इलाकों में अचानक बाढ़ का हमला इसी का नतीजा है। यहां तक किमानसून का पैटर्न बदल गया है।

वर्ष, 2002 में इस समूचे क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने खनन पर पाबंदी लगा दी, लेकिन पैसे की हवस ने सरकारी तंत्र को खरीद डाला। राजस्थान की हालत यह है कि यहां के 15 जिलों में सबसे ज्यादा अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है और सरकारी तंत्र खामोश है। वैसे नियमों के अनुसार तो अरावली पर्वत श्रंखला की एक किलोमीटर की परिधि में खनन नहीं हो सकता, लेकिन पैसों की भूख का कमाल देखिए कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने ही नियमों में संशोधन कर राजस्थान के कई ऐसे भू-भागों को खनन के लिए शामिल कर लिए हैं, जो इन पहाड़ियों से सटे हैं। लेखा परीक्षक और नियंत्रक की एक रिपोर्ट आई थी उसके अनुसार- राजस्थान के अंदर अरावली पर्वत श्रृंखला में उत्खननों का कोई नियम नहीं रह गया है। धड़ाधड़ खनन के पट्टे जारी हुए, नवीनीकरण और तो और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने भी इसके लिए हां कर दी। परिणाम यह हो रहा है कि एक के बाद एक अरावली पर्वत कुछ ही महीनों में कटकर गायब होती जा रही हैं। अरावली में जबरदस्त तरीके से जारी अवैध खनन ने सरिस्का टाइगर रिजर्व को भी खतरे में डाल दिया है। उधर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खनन की एक नई परिभाषा ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में ड्राफ्ट के अनुसार, अब सिर्फ 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली पहाड़ियां कही जाएंगी। यह ड्राफ्ट 2010 के फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के उन नियमों को बदल रहा है जिसमें 3 डिग्री ढलान, 115 मीटर ऊंचाई और 100 मीटर बफर जोन को शामिल किया गया था और अक्टूबर, 2024 में FSI के नए सुझाव में 30 मीटर ऊंचाई और 4.57 डिग्री ढलान को मानक बनाकर संरक्षण की बात की गई थी। अब अगर सुप्रीम कोर्ट के ड्राफ्ट को लागू किया गया तो समूचा अरावली खत्म हो जाएगा। इसका सच फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट में दर्ज है। इसके अनुसार- राजस्थान के 15 जिलों में अरावली की 12081 पहाड़ियां जो मात्र 20 मीटर से ऊंची हैं, इनमें से केवल 1048 पहाड़ियां ही यानी कि 8.7 प्रतिशत ही 100 मीटर से ऊंची हैं। अगर नए नियम लागू हुए तो 90 प्रतिशत पहाड़ियां भू-माफिया और उनके पैरोकार कुछ ही सालों में चबा जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, 1594 पहाड़ियां 80 मीटर ऊंची हैं, 2656 पहाड़ियां 60 मीटर ऊंची हैं व 5009 पहाड़ियां 40 मीटर ऊंची हैं। जबकि करीब 10 हजार 494 पहाड़ियां 20 मीटर तक की ऊंचाई वाली हैं। अब आप सहज अनुमान लगाइए कि कितने प्रतिशत पहाड़ियां बचेंगी और अगर यह खत्म हुई तो बहुत कुछ प्रकृति खुद ही खत्म कर देगी। वो ड्राफ्ट बनाने वाले, वो ड्राफ्ट पास करने वाले वो खनन करने वाले। सबको नेचर मिट्टी में मिला देगी और आम जनता तो मरने के लिए ही पैदा होती है।



अरावली पर्वतमाला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मरुस्थलीकरण को रोकती है, मानसून को नियंत्रित करती है, पानी के स्रोत (लूनी, साबरमती जैसी नदियां) प्रदान करती है, जैव विविधता (तेंदुए, ब्लैकबक, औषधीय पौधे) का घर है, खनिज संसाधनों (तांबा, संगमरमर) का भंडार है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फेफड़े का काम करके प्रदूषण कम करती है, लेकिन खनन और अतिक्रमण से इसे गंभीर खतरा है।

यह थार रेगिस्तान की रेत को आगे बढ़ने से रोकती है, जिससे राजस्थान और गंगा के मैदानों की रक्षा होती है। यह मानसून को आकर्षित करती है, पर्याप्त बारिश सुनिश्चित करती है और भूजल को रिचार्ज करती है। लूनी और साबरमती जैसी कई नदियां यहीं से निकलती हैं, जो शुष्क क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी हैं। यह तेंदुओं, ब्लैकबक, और कई लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों का घर है, जो पारंपरिक चिकित्सा में भी उपयोगी हैं। शहरीकरण और प्रदूषण के बीच, यह हरियाली प्रदान करती है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है। इसमें तांबा, रॉक फॉस्फेट, जस्ता, और संगमरमर जैसे मूल्यवान खनिज पाए जाते हैं। यह प्राचीन मानव बस्तियों और पुरातात्विक स्थलों का प्रमाण है, जो भारत के मानव इतिहास को समझने में मदद करता है। अनियोजित शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण अरावली को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं और पर्यावरण संकट गहरा रहा है।

# सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम



**शहनाज हुसैन**

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दे दी है, ऐसे में हर महिला को बाल धोने में आलस आता है। कई बार हेयर वाश 5 -6 दिनों तक नहीं हो पता क्योंकि इस बात की ही उलझन रहती हैं कि किस दिन बाल धोने चाहिए। आजकल शादियों और पार्टियों का दौर चल रहा है। ऐसे में अगर शादी या पार्टी का कोई न्यौता आ गया तो बाल धोना मजबूरी हो जाती है लेकिन आधा घण्टा उन्हें सूखने में लग जाता है। हालांकि हेयर वाश बालों की हैल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है लेकिन अगर आप बालों को धोने से परहेज कर रही हैं और आपको पार्टी में जाना जरूरी है तो हेयर परफ्यूम आपके बालों के लिए बेहतर बिकल्प है। हेयर परफ्यूम बालों को सुगन्धित करने के साथ है फ्रेश लुक देने में भी मदद करता है। हेयर परफ्यूम बालों से आने बाली बदबू को रोकता है और रूखे , फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है, लेकिन असली सवाल है की हेयर परफ्यूम कैसे काम करता है और कितना सुरक्षित है। हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।



इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं । यह बालों को अपनी खुश्बू से महकाता है और साथ साथ बालों को मॉइस्चराइज भी करता है जिससे बाल हेल्दी और तरो ताजा नजर आते हैं और बालों की बेहतर लुक नजर आती है हेयर परफ्यूम बालों को सुन्दर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको आत्मविश्वास तथा ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क देते हैं लेकिन उसमें अल्कोहल होता है जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। दूसरी ओर हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर पानी पर आधारित होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाएगा और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाएगा। हालांकि बड़ी नामी कम्पनियां बाजार में ब्राण्डेड हेयर स्प्रे बेचती हैं लेकिन अगर घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बनाया जाए तो बेहतर होगा।

**गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम**

इस घर पर बने गुलाब। हेयर परफ्यूम से गुलाबों की रोमांटिक खुशबू का आनंद लें। गुलाब की मनमोहक खुशबू आपके बालों को अद्भुत रूप से ताजा और सुग. ंधित महसूस कराएगी। गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा। हेयर परफ्यूम को आप अन्य तरीकों से भी बना सकती हैं। कांच के एक बर्तन में आधा चमच्च गुलाब जल और एक चमच्च बिच हेजल को अच्छे तरह मिला लें अब इस मिश्रण में पांच बूंदे गुलाब तेल मिला कर बने मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल लें यह हेयर स्प्रे तैयार है और आप इसे शादी या पार्टी में जाने से पहले प्रयोग कर सकती हैं। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1/4 कप होम मेड गुलाब जल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं अगर आप एलोवेरा जेल को थोड़ा ब्लेंड कर लेंगी तो अच्छा होगा। अब इसमें 10 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की और 10 बूंदें जैस्मिन एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स कर लें और फिर स्प्रे बॉटल में स्टोर कर फ्जि में रखें। कांच के कटोरे में आधा कप गुलाब जल , चार बुंदे बेनीला अर्क, 20 बुंदे ग्रेप फ्रूट एसेंशियल आयल और 10 बूंदे जैस्मिन एसेंशियल आयल को एक साथ अच्छे से मिला लें अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल कर फ्रिज में रख लें और अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग करें।

**हेयर परफ्यूम लगाने के लिए**

सबसे पहले बोतल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें, ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों।बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि सुगंधित बाल उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपके बाल भारी नहीं होंगे और न ही कोई चिपचिपा निशान छोड़ेंगे। बेहतर होगा अगर हेयर परफ्यूम को आप किसी ड्राई प्लेस रखेंगी। हेयर परफ्यूम को आप हफ्ता भर आराम से स्टोर कर सकती हैं वैसे अगर मौसम ठंडा है तो ए और भी ज्यादा चलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड के राजा ने चुनाव से पहले संसद भंग की

**बैंकॉक।** थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है। रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को 'अल्पमत सरकार' बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है। इसमें कहा गया है, वर्तमान प्रशासन (जिसने सितम्बर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

### चीन के रडार लॉक की घटना पर चिंता जताई

**टोक्यो।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ और जापान के रक्षा मंत्री शिजिरो कोइजुमी ने चीनी सैन्य विमान से जुड़े रडार लॉक की घटना पर गंभीर चिंता जताई। गत 6 दिसम्बर को एक चीनी फाइटर जेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापान में ओकिनावा प्रीफेक्चर के पास जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमान पर अपने रडार को टारगेट किया। जापान के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक दोनों रक्षा प्रमुखों ने 6 दिसम्बर की रडार घटना और इलाके में तेजी से गंभीर होती सुरक्षा स्थितियों पर चर्चा की।

### हमास पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप

**लंदन।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि हमास और अन्य फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने सात अक्टूबर, 2023 से दक्षिणी इजरायल पर शुरू किए गए अपने हमलों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन किया है। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उस दिन नागरिकों की बड़े पैमाने पर हत्या विनाश के रूप में मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर थी।

### स्पेन में बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

**मैड्रिड।** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है। यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए 'डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी' को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा।



**मुंबई। वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी 'एसपी' प्रमुख शरद पवार का 85वां जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता।**

## यूरोपीय संघ ने अफगानिस्तान संरा के डब्ल्यूएफपी को दिया योगदान

**मॉस्को।** रोपीय संघ (ईयू) ने अफगानिस्तान में मानवीय जरुरतों को मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये दिए हैं। अफगानिस्तान में ईयू प्रभारी डी' अफेयर्स वेरोनिका बोस्कोविक-पोहर ने यह जानकारी दी है। बोस्कोविक-पोहर ने कहा डब्ल्यूएफपी में यूरोपियन संघ का नया योगदान अफगान लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और कमजोर स्थानीय समुदाय के प्रति हमारे लगातार समर्पण को दिखाता है। कृषि और

# पाक में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा!

## कानून और न्याय राज्य मंत्री बेरिस्टर अकील मलिक ने कंपनियों को दी चेतावनी



■ **सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है: मलिक**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून और न्याय राज्य मंत्री बरिस्टर अकील मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स सरकार के साथ सहयोग नहीं करते हैं, तो उन्हें बैन किया जा सकता है।

बरिस्टर मलिक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक्स को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं और उन्हें पाकिस्तान में कार्यालय खोलने के लिए भी कहा गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मंत्री ने आगे कहा कि पैलेस्टाइन से जुड़े पोस्ट 24 घंटे में हटा दिए जाते हैं, लेकिन यहां हम आतंकवाद से जुड़े मामले की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो प्लेटफार्म सहयोग नहीं करेगा, उसके खिलाफ भी ब्राजील जैसी कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि ब्राजील में एक्स पर कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर 5.2 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया गया और 22 मिलियन उपयोगकर्ताओं वाला प्लेटफार्म वहां अस्थायी रूप से बंद किया गया। बरिस्टर मलिक ने यह भी कहा कि इमरान खान के एक्स अकाउंट के मामले में जांच चल रही है। पाकिस्तान की फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने इमरान से जेल में उनके 'एंटी-स्टेट' पोस्ट और विदेश नीति पर टिप्पणियों के बारे में सवाल किए हैं। इससे पहले सितम्बर में इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि जेल में रहने के दौरान उनके एक्स अकाउंट का संचालन कौन कर रहा है, इसकी जांच राष्ट्रीय साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और पाकिस्तान टेलीकाम अथारिटी (पीटीए) को करने का आदेश दिया जाए। कुल मिलाकर मामले में बरिस्टर मलिक ने साफ कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स आतंकवाद, गलत सूचना और अफवाह फैलाने के लिए इस्तेमाल नहीं होने चाहिए और एक्स इस मामले में सबसे कम सहयोग कर रहा है।

### टैरिफ-एच-1बी वीजा शुल्क से भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर

# ट्रम्प के रुख पर अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता

**कहा: भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को झटका दे रहे ये कदम**

**मोदी की पुतिन और शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी देखी जा रही**




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की हालिया नीतियों, जैसे एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की भारी फीस और भारत से आयात पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ, पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ये कदम न सिर्फ अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को भी झटका दे रहे हैं।

हाउस फारेन अफेयर्स की एक सबकमेटी में सुनवाई के दौरान अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को वर्षों से दोनों पार्टियों और कई राष्ट्रपतियों ने मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आर्थिक और रणनीतिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, दोनों देशों की ही जरूरत है, लेकिन बेरा ने यह भी स्वीकार किया कि एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस बढ़ाने का फैसला अमेरिकी कंपनियों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से 'कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचौनी' देखी जा रही है। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने भी इन नीतियों पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को झटका लग रहा है और अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगे उत्पाद झेलने को मजबूर हैं। प्रमिला जयपाल, जो खुद कभी छात्र वीजा और एच-1बी पर अमेरिका आई थीं, ने कहा कि कानूनी इमिग्रेशन रास्तों को बंद करना हमारी ऐतिहासिक गलतियों को दोहराने जैसा है। इससे लोगों के बीच के रिश्ते टूटते हैं। उन्होंने बढ़ती 'एंटी-इंडियन हेट' पर भी चिंता जताई और कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था और नवाचार का अहम स्तंभ है, स्टार्टअप्स और फार्च्यून 500 कंपनियों में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस सुनवाई में विशेषज्ञ ध्रुव जयशंकर ने कहा कि 1998 के बाद से भारत-अमेरिका रिश्ते कई दौरों से गुजरे हैं, न्यूक्लियर प्रतिबंधों से लेकर रक्षा, व्यापार, टेक और रणनीति में करीबी साझेदारी तक। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इन रिश्तों में अब एक प्रकार की राजनीतिक ठहराव की स्थिति दिख रही है। उनके मुताबिक सबसे बड़ी बाधा ट्रेड और टैरिफ विवाद हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में कई व्यापार समझौते किए हैं और अमेरिका के साथ भी समाधान करीब दिख रहा है। ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का पाकिस्तान की सेना के साथ नया जुड़ाव भारत में चिंता पैदा कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान का आतंकवादी समूहों का उपयोग करने का लंबा इतिहास रहा है, और इसीलिए अमेरिका की श्डी-हाइफनेशन नीति, दोनों देशों से अलग-अलग संबंध, पहले बेहतर काम करती थी। भारत के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियां रणनीतिक विश्वास और आपसी हितों को वास्तविक और स्थाई नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि ट्रम्प ने अपना रुख नहीं बदला, तो वह भारत को खो देने वाले राष्ट्रपति साबित होंगे।

## एआई नियमों पर राष्ट्रपति ट्रम्प सख्त

■ **राज्यों की अलग नीतियां रोकने के लिए जारी किया नया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एआई नियमों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपना सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत ट्रम्प ने एक नया कार्यकारी आदेश भी जारी किया। इस आदेश का मकसद है कि अलग-अलग अमेरिकी राज्यों द्वारा अपने- अपने नियम बनाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग की प्रगति न रोक दी जाए। मामले में ट्रम्प का कहना है कि अगर हर राज्य अपने नियम बनाएगा, तो कंपनियों को 50 जगह से मंजूरी लेनी पड़ेगी, जिससे अमेरिका चीन के खिलाफ एआई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएगा। अपने इस आदेश को लेकर ट्रम्प ने कहा कि एआई पर दुनिया में दौड़ लगी हुई है। ऐसे में चीन में कंपनियों को सिर्फ एक जगह से मंजूरी लेनी पड़ती है। लेकिन अमेरिका में अगर अलग-अलग राज्यों के 50 तरह के नियम हुए, तो उद्योग आगे नहीं बढ़ पाएगा।

# फैज हमीद को मिली सजा, तो बस शुरुआत

■ **पाक सांसद फैसल वावड़ा का दावा, अभी कई जाएंगे जेल, 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईएसआई चीफ फैज हमीद को दी गई सजा महज 'शुरुआत' हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह दो साल पहले सेना विरोधी दंगों में शामिल राजनेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नए मामलों की बाढ़ आने का इशारा माना जा सकता है।

फैज हमीद को गुरुवार को एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई, जिसने उन्हें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने सहित कई आरोपों में दोषी पाया। डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक अदालत के बयान में कहा गया है कि राजनीतिक तत्वों के साथ मिलीभगत करके निहित स्वार्थों से प्रेरित राजनीतिक आंदोलन और अस्थिरता फैलाने में दोषी की संलिप्तता और कुछ अन्य मामलों से अलग से निपटा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस भाषा से फैज हमीद और कुछ अज्ञात राजनेताओं को अशांति फैलाने के व्यापक प्रयास से जोड़ने का इशारा मिलता है। इसके अनुसार यह संदर्भ पिछले साल से जारी सैन्य बयानों की श्रृंखला में नवीनतम है, जो शक का संकेत देता है और सरकार विरोधी राजनीतिक तत्वों के साथ उनके कथित सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पाकिस्तानी सांसद फैसल वावड़ा ने गुरुवार के फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी है। जियो न्यूज से बात करते हुए फैसल ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अपने संस्थान से गंदगी हटाने के लिए धन्यवाद दिया। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सत्ता में रहने के दौरान हमीद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के करीबी लोगों में जल्दी ही अपनी जगह बना ली थी।

## टीपीपी के आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार रात को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हमलावरों और पुलिस के बीच तीन घंटे तक गोलीबारी जारी रही। आतंकवादियों ने बन्नू जिले के हावैद पुलिस क्षेत्राधिकार में स्थित शेख लैंडक पुलिस चौकी को निशाना बनाया। पुलिस के बयान के अनुसार कई आतंकवादी मारे गए और कई घायल हुए। प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि फितना अल ख्वारिज के आतंकवादियों ने गुरुवार देर रात चौकी पर हमला किया। फितना अल ख्वारिज वह शब्द है जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने साहस और बहादुरी का परिचय दिया और समय रहते कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने में सफलता प्राप्त की। गोलीबारी के दौरान पांच पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि बन्नू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सज्जाद खान के निर्देश पर अतिरिक्त कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को घेर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया-पैराडाइवर प्लेन के विंग में फंसा

## विमान 15000 फीट की ऊंचाई पर था, रिजर्व पैराशूट को काटा



■ **मेन पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरा**

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। आस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका नजर आ रहा है।

इसके बाद वह पैराशूट की सभी 11 रस्तियां काटकर खुद को आजाद कराता है। इसके बाद स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितम्बर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काइडाइवर को 'पी-1' कहा गया है। उन्होंने अपने पास रखे एक खास टूल, हुक नाइफ, की मदद से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान स्टंट में 16 स्काई डाइवरों को 15000 फीट (4600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर अपने पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी पूरे कार्यक्रम को एक पैराशूटिंग कैमरा आपरेटर शूट कर रहा था। लेकिन जैसे ही पहला स्काई डाइवर विमान से बाहर निकला, कुछ ही सेकंड में पूरी योजना गड़बड़ा गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्काइडाइवर लगभग 15000 फीट कीऊंचाई पर क्वींसलैंड के ऊपर था। प्लेन में कुल 17 स्काइडाइवर थे। जैसे ही वह कूदने के लिए आगे बढ़ा, उसके रिजर्व पैराशूट का हैंडल विमान के विंग फ्लैप में फंस गया और घूम गया। पैराशूट तुरंत खुल गया और हवा लगते ही वह पीछे की ओर तेजी से खिंच गया। इससे पास बैठे एक स्काइडाइवर का संतुलन बिगड़ा और वह हवा में गिर गया। नारंगी रंग का पैराशूट विमान की पूंछ में लिपट गया और पी1 नीचे की ओर लटक गया। इस दौरान पायलट को अचानक महसूस हुआ कि विमान ऊपर उठ रहा है और उसकी रफ्तार कम हो गई है। तब पायलट ने मेडे काल किया और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि जब उसे बताया गया कि एक स्काइडाइवर विंग में फंस गया है, तो उसने इंजन की पावर घटा दी।

## रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जा करने का किया दावा

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की जबरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ चीफ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्जा कर लिया है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत जरूरी माना जाता है।








## सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गए

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किलोमीटर (24.8 मील) दूर अफगोए शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से जयादा आम लोग मारे गए और 100 से जयादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गईं और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े।

# व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की बीमारी की अफवाह की खारिज

## कहा: हैंडशेक करने से निशान बने, ट्रम्प बोले: मेरे जैसा मेहनती राष्ट्रपति कोई नहीं

■ **डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को गंभीर बीमारी होने की अफवाह फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बार-बार ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बैंडेज और नीले-लाल निशान दिखाई दिए।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रम्प किसी बीमारी से जूझ रहे हैं या तो उन्हें हाथ में कोई इंजेक्शन लग रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस में इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि ये निशान सिर्फ ज्यादा हैंडशेक करने की वजह से हैं। ट्रम्प हर दिन सैकड़ों-हजारों लोगों से हाथ मिलाते हैं, जिससे ऐसे निशान बन जाते हैं। इसके अलावा बढ़ती उम्र के कारण त्वचा पतली हो जाती है, जिससे मामूली दबाव या रगड़ से भी आसानी से नीला निशान पड़ जाता है।

वहीं ट्रम्प ने अफवाहों को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से परफेक्ट हैं। ये निशान ज्यादा काम करने और मेहनत करने के कारण बने हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था। यह पहली बार नहीं हुआ है। इसी साल 2025 के शुरुआती महीनों में भी (फरवरी-मार्च के आसपास) ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बड़ा सा नीला-बैंगनी निशान दिखाई दिया था। उस समय भी फोटो वायरल हो गई थीं। तब भी व्हाइट हाउस ने यही स्पष्टीकरण दिया था कि राष्ट्रपति का रोज का रूटीन इतना व्यस्त होता है कि लगातार हैंडशेक करने से ऐसा हो जाता है। उस समय ट्रम्प ने खुद ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि मैं बिल्कुल ठीक हूं, ये लोग बस मेरी उम्र और सेहत को लेकर झूठ फैला रहे हैं। इस बार भी ट्रम्प ने बुधवार रात को लंबा पोस्ट लिखकर सभी अफवाहों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से परफेक्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि उनसे ज्यादा मेहनत करने वाला कोई राष्ट्रपति आज तक नहीं हुआ, और जो मीडिया उनके स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहा है, वो फेक न्यूज फैला रहा है। ट्रम्प ने इसे डिशन (राजद्रोह) कहा। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में डाक्टरों की देखरेख में लंबे, गहन और बेहद थकाने वाले टेस्ट करवाता हूं। मैं ये परीक्षण इसलिए करता हूँ क्योंकि यह हमारे देश के प्रति मेरा कर्तव्य है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने एमआरआई जांच में 100 प्रतिशत स्कोर किया है।